www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–204 I सागर, मंगलवार, 12 सितंबर 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

गुस्साए परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर कर लगाया जाम पृष्ठ 3

- उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत
- अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त पृष्ठ 4

- भाजपा-कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ को सुनाई खरी खोटी पृष्ठ 6

मुस्लिम समाज ने मंत्री भूपेंद्र सिंह का अभिनंदन किया पृष्ठ 8

सार-समाचार

प्रियंका गांधी 5 अक्टूबर को मोहनखेड़ा आएंगी

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस की चुनावी तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 5 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के दौरे पर आ रही हैं। वह प्रदेश के धार जिले के मोहनखेड़ा में कांग्रेस की एक जनसभा को संबोधित करेंगी। हाल ही में श्रीमती वाड्रा का प्रदेश में यह तीसरा दौरा है। इसके पहले प्रियंका गांधी प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर और ग्वालियर का दौरा कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने बड़ी जनसभाओं को सम्बोधित किया था।

राजमुंदरी केंद्रीय कारागार भेजे गए चंद्रबाबू नायडू

विजयवाड़ा, एजेंसी। तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को सोमवार तड़के राजमुंदरी केंद्रीय कारागार जेल में भेज दिया गया। जेल अधिकारियों ने श्री नायडू को कैदी नंबर '7691' बनाया है। श्री नायडू को जेल के 'स्नेहा' ब्लॉक में रखा गया है। जेल अधिकारियों ने श्री नायडू को कुछ विशेष सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्हें जेल में एक निजी सहायक और पांच सुरक्षाकर्मी दिए गए हैं। श्री नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी, पुत्र लोकेश और बहू ब्राह्मणी केंद्रीय जेल में उनसे मिले।

चुनाव आयोग ने की बंगाल में चुनाव तैयारियों की समीक्षा

कोलकाता, एजेंसी। निर्वाचन आयोग के दो वरिष्ठ उपचुनाव आयुक्तों धर्मेंद्र शर्मा और नितेश कुमार व्यास ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आरिज आफताब के साथ मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण और राज्य में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव तैयारियों पर समीक्षा बैठक की। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की मांगों के साथ-साथ इस्तेमाल की गई ईवीएम की स्थिति भी जानने का प्रयास किया गया।

डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए जावेद अख्तर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। लंदन में हुए इस समारोह में जावेद अख्तर के साथ उनकी पत्नी शबाना आजमी और पुत्र फरहान अख्तर भी मौजूद रहे। जावेद अख्तर ने इस सम्मान का आभार जताते हुए कहा कि जब भी ऐसा कोई पुरस्कार दिया जाता है तो यह नहीं भूलना चाहिए कि सम्मान कला का किया जा रहा है, कलाकार का नहीं।

बिजली गिरने से 150 भेड़ों की मौत

उन्नाव, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। हसनगंज तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात बिजली गिरने से 150 भेड़ों के मारे जाने की सूचना है वहीं बीघापुर तहसील क्षेत्र के एक अति प्राचीन मंदिर के आंशिक क्षतिग्रत होने की बात प्रकाश में आई है। एसडीएम हसनगंज नवीन चंद्र के अनुसार हसनगंज तहसील के मुडैरा गांव में बिजली गिरने से लगभग 140 भेड़ों की मौत हुई है। बिजली गिरने से भेड़ पालक के लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में 3 गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना में हैदराबाद शहर पुलिस ने दो नशीले पदार्थ तस्करों और एक उपभोक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इंदिरा रेड्डी नगर में आउटर रिंग रोड (ओआरआर) सर्विस रोड पर अभियान छेड़ा था। इसी दौरान हैदराबाद से नशीला पदार्थ ले जा रहे लोगों को रोका गया। उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। उनके वाहनों की तलाशी में करीब 51.45 ग्राम कोकीन क्यूब्स, 44 एमडीएमए एक्स्टसी गोलियां, आठ ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 97,500 की नकदी, पांच मोबाइल फोन और कई अन्य सामान जब्त किए। इन नशीले पदार्थों को गोवा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

खाटू श्यामजी के दर्शन कर लौट रहा था परिवार

सड़क हादसे में 6 की मौत

भरतपुर, एजेंसी। राजस्थान के भरतपुर में एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा एक कार के स्लीपर कोच बस से टकराने पर हुआ। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक लोग लोढ़ा परिवार के सदस्य थे। हादसे में तीन बच्चे भी घायल हुए हैं। हादसे का शिकार परिवार धौलपुर निवासी था। पूरा परिवार खाटू श्याम के दर्शन करने के बाद वापस लौट रहा था। इस बीच देर रात करीब 1 बजे उनकी कार की बस से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दो सांड भी चपेट में आ गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों अस्पताल में पहुंचाया।

धौलपुर निवासी हरेंद्र लोढ़ा और सन्तोष लोढ़ा अपने बच्चों और पत्नियों के

साथ एक ही कार में सवार थे। दोनों खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान वे कार से भरतपुर से होते हुए धौलपुर लौट रहे थे। इस बीच देर रात 1 बजे यह भीषण हादसा घटित हुआ। इस दौरान उनकी कार खानसूरजपुर के समीप दो सांडों से टकरा गई। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सामने आ रही स्लीपर कोच बस से टकरा गई। इस भीषण हादसे में दो जनों की मौके पर मौत हो गई। जबकि आठ जने गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में अन्य घायलों में से भी 4 जनों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

2 बच्चों की मौत, 3 घायल

इस भीषण हादसे में हरेंद्र लोढ़ा, उनकी पत्नी ममता, बेटी जानवी की मौत हो गई। इसी तरह संतोष लोढ़ा, उनकी पत्नी सुधा और बेटे अनुज की मौत हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हुई हैं। जबकि तीन अन्य बच्चे हादसे में घायल हुए। इनका उपचार किया जा रहा है। उधर, पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया हैं।

मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

प्रधानमंत्री 14 को बीना आएंगे

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 सितम्बर के मध्यप्रदेश दौरे के लिए जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों के लिए सुविधाजनक बैठक व्यवस्था सहित पेयजल और अन्य जरूरी प्रबंध किए जाएं। बीना नगर सहित कार्यक्रम स्थल परिसर में स्वच्छता एवं आवश्यक सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सागर जिले के बीना में रिफायनरी के पेट्रो केमिकल्स कॉम्प्लेक्स के प्रकल्प के भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश के लिए यह दिन निवेश की दृष्टि से अहम होगा। बीना में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश आ रहा है। इनमें सिर्फ बीना रिफायनरी में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी एक स्थान पर इतना बड़ा निवेश पहले नहीं आया है। करीब 3 लाख व्यक्तियों के लिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में सहकारिता मंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के अलावा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव भी बैठक से वर्चुअल रूप से जुड़े।

अतिथि विद्वानों और व्याख्याताओं की पंचायत में मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

अतिथि विद्वान का मासिक वेतन 50 हजार तक होगा

- किसी भी विद्वान और व्याख्याता को नहीं हटाया जाएगा
- अतिथि विद्वान व्याख्याताओं के लिए पीएससी में 25 प्रतिशत पद आरक्षित

भोपाल, देशबन्धु। सभी शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वान को कार्य दिवस की बजाय मासिक वेतन दिया जाएगा और वह 50 हजार रुपए तक होगा। तकनीकी शिक्षा के अतिथि विद्वान इसमें शामिल होंगे। अतिथि विद्वानों को शासकीय सेवकों के समान अवकाश की सुविधा मिलेगी। अतिथि प्रवक्ताओं का मानदेय भी 20 हजार रुपये किया जाएगा

एक अकादमिक सत्र में अपने महाविद्यालय के स्थान पर अतिथि विद्वानों को उनके आसपास के महाविद्यालय, जहां वे चाहेंगे, में स्थानांतरण की सुविधा भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं की पंचायत को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं की। उन्होने कहा कि अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं के जीवन की अनिश्चितता को समाप्त करने के लिए राज्य शासन ने ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। श्री चौहान ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि फॉलेन आउट की नौबत न आए। अतिथि विद्वान व्याख्याताओं के लिए पीएससी की परीक्षा में संशोधित कर 25 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए जाएंगे। अभी अतिथि विद्वानों को प्रतिवर्ष 4 और अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। इसको बढ़ाकर अधिकतम 10 प्रतिशत तक अंक दिए जाएं। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि अब कोई भी अतिथि विद्वान, व्याख्याता जो लगातार पढ़ाने का कार्य कर रहा है उसको बाहर नहीं किया जाएगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक और व्याख्याता भी पात्र होंगे। निरंतर पढ़ाने का कार्य कर रहे किसी अतिथि विद्वान और व्याख्याता को बाहर नहीं किया जाएगा। विभिन्न वर्गों और अलग-अलग श्रेणियों के अधिकारियों- कर्मचारियों के कल्याण के लिए समय समय पर विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। अतिथि विद्वान और अतिथि व्याख्याता भी इसके पात्र हैं। उन्हें विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिथि विद्वान और अतिथि व्याख्याता हमारे परिवार के अभिन्न अंग हैं। राज्य शासन अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं को विभिन्न सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। अतिथि विद्वान और अतिथि व्याख्याता बेहतर शिक्षा देने में जुट जाएं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष शिव कुमार चौबे और मध्यप्रदेश ग्रामीण/ शहरी असंगठित कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

महाकाल पहुंचे मुख्यमंत्री, सपरिवार की पूजा

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाकालेश्वर मंदिर में प्रदेश में उत्तम वर्षा के लिए विगत दिनों की गई प्रार्थना और मनोकामना पूर्ण होने पर आज उज्जैन में सपत्निक भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की। उन्होंने संपूर्ण प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली की। पूजन में पुत्र कुणाल सिंह चौहान भी शामिल हुए। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक पारस जैन, बहादुर सिंह चौहान, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव उपस्थित थे।

सिवनी को मिला एफएम रेडियो स्टेशन

सिवनी, देशबन्धु। क्षेत्रीय लोगों के लिए सौ वॉट क्षमता के एफएम रेडियो स्टेशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। इस बात की जानकारी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सिवनी में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने क्षेत्रीय सांसद की मांग को स्वीकार करते हुए यह सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ब्रॉडगेज रेललाइन की शुरुआत श्री मोदी के सपने के चलते हुई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप देश में 40 हजार किलोमीटर रेललाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने 3 करोड़ आवास बनाकर आमजन को दिए हैं, इसमें सबसे ज्यादा आवास मध्यप्रदेश में मिले हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक जल पहुंच रहा है। मध्यप्रदेश में भी इसमें वृद्धि की गई है।

श्री ठाकुर ने जी-20 समिट का जिक्र करते हुए इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी-20 समिट के सफल आयोजन में सारी दुनिया ने नए भारत की बुलंद तस्वीर को देखा है और नया भारत नई ऊंचाइयों की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सारी दुनिया भारत को उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया अहम निर्णय

महिलाओं से छेड़छाड करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं

रायपुर देशबन्धु। छत्तीसगढ़ में बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़,दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी इस घोषणा के परिपेक्ष्य में यह आदेश जारी किया गया है। सामान्य प्रशासन द्वारा सभी विभागों, राजस्व मण्डल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हों, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाय।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला

बाबुओं पर दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षण नहीं

- संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों पर मामला चल सकेगा
- अनुमति की भी जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। अब संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा। जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने अपने 2014 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब दिल्ली स्पेशल पुलिस स्टेबलिशमेंट एक्ट 1946 के प्रावधान को रद्द कर दिया था। यह प्रावधान कुछ अफसरों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से सुरक्षा (इम्यूनिटी) प्रदान करता है। अब आदेश पूर्व प्रभाव से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2014 का फैसला 11 सितंबर 2003 से ही मान्य होगा। 11 सितंबर 2003 से ही डीपीएसई एक्ट में धारा 6(ए) जोड़ी गई थी। इस धारा के मुताबिक, किसी जांच के लिए केंद्र सरकार के अप्रूवल की जरूरत होगी। अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच को तय करना था कि क्या किसी संयुक्त सचिव लेवल के सरकारी अधिकारी को कानून के किसी प्रावधान के तहत गिरफ्तारी से मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, अगर उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे चलकर उस कानून को ही रद्द कर दिया गया हो। कोर्ट को तय करना था कि क्या दिल्ली पुलिस स्पेशल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 6(1) के तहत संयुक्त सचिव लेवल के अधिकारी को मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, जिसकी गिरफ्तारी इस धारा के रद्द होने

से पहले की है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जो अधिकारी सेक्शन के रद्द होने से पहले गिरफ्तार किए गए थे, उनके खिलाफ केस चल सकता है।

आवारा कुत्तों का वकील पर हमला, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सोमवार को आवारा कुत्तों के एक वकील और उससे पहले अन्य लोगों पर हुए हमले से संबंधित मामला उठा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील कुणाल चटर्जी समेत पहले के कुछ अन्य मामलों पर भी चिंता व्यक्त की। शीर्ष अदालत के समक्ष यह मामला तब उठा जब मुख्य न्यायाधीश की नजर श्री चटर्जी के एक हाथ पर बंधी पट्टी लगी पड़ी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने श्री चटर्जी की ओर देखते हुए पूछा क्या हुआ? श्री चटर्जी ने जवाब दिया, पांच कुत्तों ने (मेरे उपर) हमला बोला दिया था।

मणिपुर हिंसा पर रिपोर्ट प्रकाशित करने का मामला

एडिटर्स गिल्स के सदस्यों को 15 सितंबर तक राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के चार सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों संबंधित एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर छह सितंबर को लगाई गई रोक की अवधि सोमवार को अगली सुनवाई 15 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ईजीआई सदस्यों को राहत तो दी, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि वह इस मामले में दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस विचार कर रही है कि इस मामले को सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय या मणिपुर उच्च न्यायालय को भेजा जाना चाहिए। ईजीआई ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था। यह रिपोर्ट दो सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

भाजपा सरकार हर गरीब के उत्थान के लिए कार्य कर रही: सरोज सिंह

22.98 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया

बांदरी/मालथौन, देशबन्धु। बांदरी एवं मालथौन मे मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से 22.98 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह रहीं। सरोज सिंह ने बांदरी के ग्राम मड़ावनमार में आयोजित कार्यक्रम में पाली से नोनिया एनएच 26 एवं पाली से पिड़रूआ मार्ग पर 20.05 करोड़ लागत से बने विभिन्न पुलों का लोकार्पण किया। मालथौन में 1.13 करोड़ रूपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बाउण्ड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन किया। नौनिया मार्ग पर 10 करोड़ की लागत से 5 पुलों का निर्माण, 10.05 करोड़ की लागत से पाली से पिड़रूआ मार्ग का लोकार्पण किया। पाली से नोनिया मार्ग पर निर्मित 164.95 लाख लागत से 3400 मी. पर 50 मीटर लम्बे पुल चैनेज, 166.32 लाख की लागत से 6860 मी. पर 24 मीटर लम्बे पुल चैनेज, 145.20 लाख की लागत से 7180 मी. पर 24 मीटर लम्बे पुल चैनेज, 142.48 लाख की लागत से 7340 मी. पर 36 मीटर लम्बे पुल चैनेज, 332.66 लाख की लागत से 7380 मी. पर 60 मीटर लम्बाई के पुल चैनेज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह निरंतर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। जहां आवागमन के लिए सड़क नहीं थी आज वहां सड़क बनकर तैयार है, जगह-जगह पार्क, ऑडिटोरियम, तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालथौन में संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नई सौगातें दे रहे हैं। अब खुरई एक मात्र ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जहां जिला अस्पताल सागर के बाद ब्लड बैंक की सुविधा होगी। भाजपा सरकार हर गरीब के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा नेता, महिला शक्ति, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

आप बुराइयों को डिलीट करो, मन को साफ करने का प्रयास करो, ताकि कुछ अच्छा मन में रख सको: मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। घर राग एवं मोह का स्थान है। अंत समय में गृह त्याग करो तीर्थ संत समागम में एवं धर्मशाला में परिवार के सदस्य ले जाकर धर्म ध्यान पूर्वक त्याग कर श्रेष्ठ समाधि मरण करवाये, तभी मानव जीवन की सार्थकता है। हर संत निवास में एक कक्ष संलेखना समाधि मरण का अवश्य होना चाहिए यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनि श्री ने कहा अकाल पड़ने परए बुढ़ापा आने पर, बीमारी, उपसर्ग आदि आने पर जब जीवित रहने की कोई आशा नहीं हो तब आत्म धर्म की रक्षा के लिए संलेखना पूर्वक समाधि मरण करना चाहिए, कषाय भावों का कृष करना ही संलेखना है इसको मृत्यु महोत्सव भी कहते हैं। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि पर्यूषण पर्व आ रहे हैं, आप बुराइयों को डिलीट करो, मन को साफ करने का प्रयास करो, ताकि कुछ अच्छा मन में रख सको, संतों का आहार में पूर्ण विज्ञान छिपा है।

सार-समाचार

सिलारी पंचायत के निवासी सड़क, नाली, पानी को आज भी मोहताज

देवरीकलां, देशबन्धु। सिलारी पंचायत के 11 एवं 12 वार्ड में ना रोड़ ना ही नल-जल योजना और ना ही नाली की सुविधा आज तक गायत्री कालोनी वालों को नहीं मिल जबकि शासन द्वारा चलाई जा रही नल-जल योजनाएं हर घर टोटी से पानी पहुंचाया जा रहा है फिर भी सरपंच के द्वारा आज तक कोई काम भी गायत्री कालोनी में नहीं कराया गया है जब भी चुनाव आते हैं सभी लोग के द्वारा कहा जाता है कि मैं आपके गायत्री कालोनी में रोड़ नल-जल योजना एवं नाली का कार्य करवा देंगे चुनाव खत्म होते ही जो भी जनप्रतिनिधि होते हैं वह कभी गांयत्री कालोनी में नहीं आते है जबकि 11 एवं 12 वार्ड नंबर देवरी नगर से जुड़े हुए हैं फिर भी कोई भी जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दें रहें हैं। गायत्री कालोनी में रहने वाले व्यक्तियो को पानी लेने के लिए रोड़ पर आना पड़ता है और 4 घंटों खड़े रहने पर पानी उपलब्ध होता है कॉलोनी के अंदर एक भी हैंडपंप भी नहीं है जबकि अन्य पंचायत मैं नल जल योजना चालू हो गई है। गायत्री कालोनी से लगी हुई है झुनकू पंचायत में हर वार्ड के घर-घर में पंचायत द्वारा पानी पहुंचाया जा रहा है, आज तक सरपंच ने कोई भी विकास कार्य नहीं किया है जिससे पंचायत के सरपंच की पहचान हो सकें।

नेशनल हाईवे 44 सड़क दुर्घटनाओं में मवेशियों की हो रही है मौत

देवरीकलां, देशबन्धु। सागर-नरसिंहपुर हाईवे में हादसे का डर बना रहता है वहीं आए दिन सड़क हादसों से मवेशियों का जमघट बना रहता है। लोगों के द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सागर से नरसिंहपुर रोड पर मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है जिससे आए दिन वाहन चालको की मौत हो रही है। जिससे अचानक रात के समय या अचानक वाहनों के सामने मवेशी आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं वाहनों की चपेट में आने से मूक मवेशियों की आए दिन दर्दनाक मौत भी हो रही है। वहीं दूसरी ओर नगर में सिविल लाईन चौराहे, सोनी पेट्रोल पंप के सामने, झुनकू पुल या बंधा पुल सहजपुर चौराहे पर मवेशियों का रोड़ पर बैठने से वाहन चालको को निकालने में कठिनाई होती है। वहीं रोड़ पर सब्जी बेचने वाले भी बैठे रहते हैं जिससे आम व्यक्ति को निकालने में कठिनाई होती है। कुछ समीप की गौशालाओं में मवेशियों को भेजा जाए ताकि सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियो की समस्या खत्म हो सकें।

किराना दुकानों का किया निरीक्षण

दमोह, देशबन्धु। डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने हटा नगर में किराना दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में हटा नगर में राय चौराहा स्थित सुहाने ब्रदर्स से हल्दी पाउडर एवं चायपत्ती के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। फॉस्कोरिस एप्प की सहायता से खाद्य प्रतिष्ठान का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया।

श्री कृष्ण रूप सज्जा समारोह का हुआ आयोजन

बीना, देशबन्धु। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय में श्री कृष्ण रूप सज्जा समारोह का आयोजन वरदौरा सरपंच ममता कुशवाहा की अध्यक्षता, डॉ. विनीता साहनी के मुख्य आतिथ्य, डॉ. नेहा जैन एवं जिला सचिव महेश अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें 150 भैया बहिन श्री कृष्ण के रूप मे बनकर आये। बहुत बड़ी संख्या में माताये, बहिने एवं गणमान्य नागरिकों ने भैया बहिनों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण भक्ति से ओत प्रोत रंगारंग कार्यक्रम देखा और सराहा। मुख्य आकर्षण का केंद्र क्षीर सागर एवं कैलाश पर्वत की झांकी रही। जिसे देखकर सभी ने हृदय से प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने श्री कृष्ण के जीवन चरित्र का वर्तमान में क्या महत्व है बताया एवं भविष्य में आगे बढ़ने के लिए गीता के ज्ञान को उपयोगी बताया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागी भैया बहनो को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन रितंभरा रिछारिया, दीपिका राजपूत, सीमा ताम्रकार द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रीतम तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि सिंघई, अर्चना यादव, संजय साहू प्राचार्य कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय, महेश दत्त तिवारी, भगत सिंह वार्ड के प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी समस्त आचार्य परिवार व भैया बहन उपस्थित रहे।

मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत मिनिस्टर इन वेटिंग सूची में शामिल

सागर, देशबन्धु। जिले के बीना में 50 हजार करोड़ के केमिकल कॉम्प्लेक्स निर्माण का भूमिपूजन करने 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीना आ रहे हैं। प्रधानमंत्री की अगवानी एवं विदाई के लिए मिनिस्टर इन वेटिंग सूची में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को शामिल किया गया है।

गाली गलौच कर कुल्हाड़ी एवं लाठी से मारपीट करने वाले आरोपियो को 6-6 माह का सश्रम कारावास

सागर, देशबन्धु। गाली गलौच कर कुल्हाड़ी एवं लाठी से मारपीट करने वाले आरोपी अनंद सिंह एवं साहब सिंह को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बण्डा जिला सागर ज्योत्सना तोमर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 323/34 के तहत 3-3 माह का सश्रम कारावास एवं दो-दो सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा 324/34 के तहत 6-6 माह का सश्रम कारावास एवं तीन-तीन सौ रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी ताहिर खान ने की। घटना इस प्रकार है कि 24 मई 2016 को सूचनाकर्ता देवीसिंह लोधी ने थाना बंडा में रिपोर्ट लेख कराई कि वह ग्राम खिरिया मे रहता है, खेती किसानी का काम करता है। 24 मई 2016 की रात्रि करीब 8:30 बजे की बात है, वह निर्माणाधीन जानकी रमणमंदिर के पास बने सार्वजनिक चबूतरे पर बैठा था तभी गांव के अभियुक्त अनंद सिंह एवं साहब सिंह लोधी आये और उसके पैसों के लेन देन की पुरानी बुराई पर गंदी गंदी गालियां देने लगे, गालियां देने से मना किया तो अभियुक्त अनंद सिंह ने हाथ मे लिये कुल्हाड़ी उसे मारी जो उसे बांये हाथ की कुहनी में लगी जिससे कटकर खून निकला, दूसरी बार पुनः कुल्हाड़ी मारी जिसे बचाने में उसे दाहिनी भुजा के पास लगी कट कर खून निकल आया।

वह जमीन में गिर गया तो अभियुक्त साहब ने हाथ में लिये लाठी उसे पीठ मे मारी जिससे मुंदी चोट आई। वह चिल्लाया तो उसका लड़का अपरबल आ गया, उसने बीच बचाव किया तो अभियुक्त साहब सिंह ने उसे भी लाठी से मारपीट की, इतने मे मौके पर गांव के अमरसिंह व पुष्पेन्द्र सिंह आ गये उन्होंने आकर बीच बचाव किया, घटना देखी सुनी। अभियुक्त जाते जाते कह रहे थे कि आज तो बच गया अबकि बार जान से खत्म करे देंगे फिर उसके लड़के अपरबल ने 100 नंबर को फोन लगाकर बुलाया। पुलिस आयी उसके बाद अपने लड़के अपरबल के साथ जाकर रिपोर्ट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

वीरेन्द्र सिंह लोधी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत

बण्डा, देशबन्धु। शाहपुर में आयोजित महारानी वीरांगना अवंतीबाई की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम से वापिस होते समय पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र की नेता उमा भारती बण्डा, बरा चौराहे पर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में दर्शन करने ठहरी पूर्व मुख्यमंत्री ने दर्शन के उपरांत स्वागत में उपस्थित सैकडो भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट की। इस अवसर पर बण्डा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री पर पुष्प बर्षा कर स्वागत किया। उमाभारती ने शीघ्र ही क्षेत्र में दौरा करने का आश्वासन दिया एवं भाजपा प्रत्याशी को जीत का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर क्षेत्र भर के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशस्त एप के जरिए होगी दिव्यांगों की पहचान, शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

शाहगढ़, देशबन्धु। शाहगढ़ मुख्यालय स्थित आजीविका भवन में शास. प्राथ. एवं माध्य. स्कूलों के प्रभारियों का एक दिवसीय प्रशस्त एप प्रशिक्षण संपन्न हुआ, बीआरसी संगीता गर्ग ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वेक्षण के लिए प्रशस्त ऐप लॉन्च किया गया है, यह हमारे समाज में समता आधारित समावेशन और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को नियमित स्कूलों में उनकी विशेष जरूरतों का ध्यान रखते हुए सम्मिलित करने को प्रोत्साहित करता है। इसका तात्पर्य यह है कि सभी दिव्यांग बच्चों को उनकी विशेष जरूरतों को पूरा करने और तद्नानुसार उचित सहायता के लिए जल्द से जल्द पहचाना और प्रमाणन किया जाना चाहिए, प्रशिक्षण प्रभारी दिनेश पांडे, एमआरसी पुरुषोत्तम दुबे, मंजूर अली खान ने बताया कि दिव्यांगता की सभी स्थितियां स्पष्ट रूप से पहचान में नहीं आ जाती है इसलिए स्कूलों के लिए दिव्यंगता की जांच सूची स्क्रीनिंग, चेक लिस्ट, प्रशस्त सामान्य शिक्षकों और विशेष शिक्षकों को प्रारंभिक स्तर पर दिव्यांगता की जांच करने और आगे की पहचान के लिए उन्हें संदर्भित करने में मदद करेगी।

जिले में अब तक 1230.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

सागर, देशबन्धु। जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 1230.5 मि.मी. औसत बारिश दर्ज हुई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक केसली केन्द्र पर सर्वाधिक 1150.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 813.3 मि.मी., जैसीनगर में 993 मि.मी., राहतगढ में 809 मि.मी., बीना में 897.6 मि.मी., खुरई में 743.6 मि.मी., मालथौन में 872 मि.मी., बण्डा में 1096.2 मि.मी., शाहगढ में 788.1 मि.मी., गढ़ाकोटा में 628.2 मि.मी., रहली में 939 मि.मी., देवरी में 1070.1 मि.मी. तथा केसली में 1150.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

युवक के खिलाफ मामला दर्ज

खुरई, देशबन्धु। एक युवक ने फेसबुक के माध्यम से बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर अपत्तिजनक टिप्पणी की। जिसको लेकर धार्मिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में खुरई शहरी थाने पहुंचे और युवक सहित पोस्ट पर धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए कमेंट करने वाले युवक पर भी मामला दर्ज कराया गया है। आए दिन सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं पर कोई भी व्यक्ति गलत टिप्पणी करता रहता है। हेमंत चौधरी नाम के युवक ने भगवान श्रीकृष्ण के नहाते समय महिलाओं के कपड़े चुराने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसी के बाद अब एक युवक ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ सुरेंद्र उर्फ राघव महदेले ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए फेसबुक पर लिखा कि खुरई में बागेश्वर के बाबा की कथा में लगभग 22 महिलाओं के साथ चोरी के बारे में पर्ची का पता नहीं चला और आखिरकार महिलाओं को जाना पड़ा पुलिस थाने। विभिन्न धार्मिक संगठनों ने थाने पहुंचकर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

गाली-गलौच कर लाठी एवं लात-घूसों से मारपीट करने वाले आरोपियो को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास

सागर, देशबन्धु। सागर, देशबन्धु। लाठी, लात.घूंसों से मारपीट करने वाले आरोपी जगदीश यादव, राजभान यादव और करन यादव को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बंडा ज्योत्सना तोमर की कोर्ट ने सजा सुनाई है। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी पाते हुए 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ताहिर खान ने की। अभियोजन के मीडिया प्रभारी के अनुसार 2 अप्रैल 2019 को फरियादी किशोरी यादव निवासी दतया ने बरायठा थाने में शिकायत की थी। शिकायत में बताया किआरोपी जगदीश यादव से जमीन संबंधी बुराई चल रही है। शाम को वह गल्ले से घर आ रहा था। तभी गांव के पास आम रास्ते में आरोपी करन यादवए जगदीश यादव व राजभान यादव मिले। वे पुरानी बुराई को लेकर गालीगलौज करने लगे। गालियां देने से रोका तो मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लाठी.डंडों और लात घूंसों ने मारपीट की। विवाद की सूचना परिवार के लोग मौके पर आए तो आरोपी भाग गए। मामले में शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जांच पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट ने प्रकरण में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने मामले से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाते हुए आरोपियों को सजा सुनाई है।

विधायक ने किये विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन

मकरोनिया, देशबन्धु। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भौंहारी में विधायक प्रदीप लारिया ने विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन किये जिनमें प्रमुख रूप से सामुदायिक भवन के पास निर्मित होने वाले अतिरिक्त कक्ष शामिल है। भूमिपूजन अवसर पर विधायक ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार की विकास रफ्तार कभी भी थमती नही है हमारी सरकार विकास और आमजन की सरकार है ग्राम में विकास के क्या कार्य होना है यह आप तय करे। कार्य कराना हमारी और सरकार की जिम्मेवारी है, आप का आर्शीवाद मुझे सदैव मिला है और ऐसी आशा है कि यह आशीर्वाद हमेशा मिलता रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम सरपंच भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और बढ़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।

हमारा कार्यक्षत्र किसी जाति या संप्रदाय के लिए नहीं है: डॉ. मोहन भागवत

सागर, देशबन्धु। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती वर्ष उद्घाटन समारोह पानीपत के पट्टीकल्याण स्थित सेवा साधना केन्द्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत, विशेष अतिथि अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय उपभोक्त मंत्री भारत सरकार थे। मुख्य अतिथि डॉ. भागवत ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर शुभमानाएं देते हुए कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पचास वर्ष तो पूरे हो गये, ग्राहक ठगा न जाये, यह रोकना ग्राहक पंचायत का काम है। हमारा कार्यक्षेत्र किसी एक जाति-मत-पंथ और सम्प्रदाय का नहीं है। विशिष्ट प्रांत या भाषा नहीं है। हमारा लक्ष्य संपूर्ण समाज में उपभोक्ताओं को ग्राहक श्रेणी तक जागरूक करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा भ्रम फैलाने वाले विज्ञापनों पर सख्ती की बात कहीं। ग्राहक को भी सजग रहना होगा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के ग्राहकों के हित में उठाये विषयों पर शासन गंभीरता से विचार करता है एवं उनके सकारात्मक सुझावों को ग्राहक हित में लागू भी करता है। इस अवसर पर महाकौशल प्रांत के प्रांत सचिव डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने आमंत्रित अतिथियों को अपने कार्यों से अवगत कराते हुए शुभेच्छा पत्र एवं हस्त निर्मित रक्षासूत्र भेंट किए। महाकौशल प्रांत की ओर से कोषाध्यक्ष मंजू वैश्य, संगठन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह, प्रांत संयोजक शीलनिधी मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

अनुवाद कार्य दो भाषाओं और संस्कृतियों का मिलन और भाषाओं की समृद्धि का संकेतक: प्रो. श्रीकांत तारे

उपन्यास शिखंडी के मराठी भाषांतर का हुआ विमोचन

सागर, देशबन्धु। बेटियों का, लड़कियों का, उनके नैसर्गिक रूप में अर्थात लड़कियों की तरह ही पालन पोषण किया जाना चाहिए। महाभारत की पात्र शिखंडी जो कि एक लड़की थी, उसके पिता राजा द्रुपद ने उसे लड़के की तरह, बेटे की तरह पाला पोसा और अपनी पद प्रतिष्ठा के झूठे दिखावे में उसका विवाह हिरण्यमयी नाम की एक लड़की से ही करवा दिया। परिणामस्वरुप शिखंडी को जीवन भर अनेक मानसिक शारीरिक यातनाओं से गुजरना पड़ा। कालजयी ग्रंथ महाभारत की यह घटना सीख देती है कि हम नैसर्गिक नियमों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक के जीवन जीने के प्राकृतिक अधिकार का सम्मान करें। यह बात लेखिका, स्त्री विमर्श की हस्ताक्षर, डॉ. शरद सिंह ने पुस्तक विमोचन के अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कही। श्यामलम द्वारा बीना के महाराष्ट्र समाज, लोकमान्य भवन में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में डॉ. संध्या टिकेकर द्वारा अनुवादित उपन्यास शिखंडी स्त्री देहापलिकडे के अवसर पर उपन्यास की मूल लेखिका डॉ. शरद सिंह और भाषांतरकार डॉ. संध्या टिकेकर का श्यामलम् द्वारा सम्मान किया गया। डॉ. चंचला दवे द्वारा दोनों लेखिकाओं के परिचय का वाचन किया गया तथा पं. श्रीराम शर्मा एवं उमेश शर्मा द्वारा सम्मान पत्र का वाचन किया गया। मंचासीन आमंत्रित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल एवं स्मृति भेंट को देकर स्वागत किया। श्यामलम् का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए संस्था के अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र ने कहा कि बीना नगर में श्यामलम् संस्था का यह आयोजन वस्तुतः संस्था के उद्देश्यों का ही विस्तार है। उन्होंने बीना में संस्था की इकाई स्थापित करने की घोषणा करते हुए डॉ. संध्या टिकेकर को संयोजक का दायित्व सौंपा। हिंदी से मराठी अनुवादित उपन्यास पर प्रकाश डालते हुए अनुवादक डॉ. संध्या टिकेकर ने बताया कि उपन्यास का मूल कथ्य हमें महाभारत के पात्र शिखंडी पर नई दृष्टि से विचार करने के लिए प्रेरित करता है कि हम शिखंडी को थर्ड जेंडर की दृष्टि से ना देखें बल्कि शिखंडी के भीतर की एक लड़की, एक स्त्री की पीड़ा को समझने के लिए अधिक मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। मुख्य अतिथि जलगांव, महाराष्ट्र से पधारे प्रो.डॉ. श्रीकांत तारे ने अनुवाद कार्य को दो भाषाओं और संस्कृतियों के मिलन और भाषाओं की समृद्धि का संकेतक बताते हुए कहा कि डॉ. संध्या टिकेकर द्वारा किया गया यह अनुवाद मराठी पाठकों को निश्चित ही एक नई दृष्टि देगा। विशिष्ट अतिथि बुंदेली गजलकार महेश कटारे सुगम ने कहा कि आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट भाषांतर का ऐसा कार्य सतत किए जाने की बहुत आवश्यकता है। डॉ. हरिसिंह गौर विवि के प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि उत्कृष्ट अनुवाद कार्य से दो भाषाओं का साहित्य समृद्ध होता है। इस दिशा में डॉ. संध्या टिकेकर का हिंदी से मराठी में उपन्यास का यह अनुवाद एक महत्वपूर्ण कार्य है। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री डॉ. चंचला दवे एवं उमेश शर्मा द्वारा किया गया। आभार डीएस टिकेकर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सागर सहित बीना के प्रतिष्ठितजन एवं मराठी समाज की बड़ी संख्या में उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

तहसीलदार व एसडीओपी के आश्वासन के बाद हुआ दाह संस्कार

गुस्साए परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर कर लगाया जाम

घुवारा, देशबन्धु। बमनौरा थाना क्षेत्र के तालाब पार मुहल्ला में रविवार की सुबह जमीनी विवाद के चलते नत्थू कुशवाहा उम्र 45 वर्षीय युवक को गांव के ही परसू यादव व उसके रिस्तेदार अनंतराम यादव वाईक से उठा ले गये अपरहरण करने की जानकारी मिलते ही परिजनो ने थाना पहुंचकर पुलिस से शिकायत की पुलिस से आवेदन लेकर युवक की तलाश शुरू कर दी लेकिन अगवा करने बाले लोगो के द्धारा गांव से कुछ दूरी पर ले जाकर युवक को बहुत बेरहमी के साथ मारपीट की थी कि मारपीट करने वाले लोग युवक को मरणाशन्न अवस्था मे छोडकर भाग गये परिजनो को सूचना मिलते ही घायल के पास पहुंचे जहां घायल युवक दर्द से तडफ रहा था परिजनो से पुलिस को सूचना दी। अस्पताल पहुंचने से ही पहले घायल की मौत हो गई बमनौरा पुलिस की मौत की खबर लगते ही पुलिस बल ने शव के पास जाकर मर्ग कायम किया। शव का पीएम करा कर गांव बमनौरा वापिस ले आये लेकिन रात्रि हो जाने के कारण रविवार शव का अंतिम संस्कार नही हो सका।

दिन दहाडे युवक को उठाकर अगवा करना और वेहरमी से मारपीट करने के चलते युवक ही मौत हो जाने के कारण मृतक के परिजनों रिस्तेदारो सहित समाज के लोगो ने शव को हीरापुर सागर टीकमगढ हाईवे पर रख कर जाम लगा दिया।

तहसीलदार व एसडीओपी परिजनों से मिले

मृतक के परिजनो द्वारा हाईवे पर शव रखकर जाम से आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया साथ ही दोनो तरफ वाहनो की लम्बी लम्बी लाईन लग गई। स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा काफी समझायस दी गई लेकिन परिजनो ने शव हटाने से माना कर दिया जिसकी सूचना घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई व बडामलहरा एसडीओपी बीरेन्द्र बहादुर दी गई दोनो अधिकारियो के द्वारा मौके पर आकर मृतक नत्थू कुशवाहा के परिजनो से मुलाकात करते हुये उनकी बात को सुना जिसमे मृत्क की पत्नी बेटा गुड्डु कुशवाहा ने दोनो अधिकारियो को घटना की सारी जानकारी देते हुये बताया कि

पिता को रविवार की सुबह गांव के परसू यादव व उसके रिस्तेदार अनंतराम यादव के द्वारा मुहल्ले से अगवा कर बाहर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की गई मारपीट इतनी की गई कि अस्पताल ले जाते समय पिता की मौत हो गई वहीं गुस्साये परिजनो ने थाने मे पदस्थ प्रधान आरक्षक कल्यान यादव राघबिन्द्र सिंह पर गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगाऐ. बाताया गया कि 6 सितम्बर को बेटी को भी आरोपियो द्वारा रास्ते मे रोककर मार पीट की गई थी जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही गई जिससे आरोपियो के हौसले बुंलद हो गये और इस बडी घटना को अंजाम देते हुये दिन दहाडे हत्या कर दी तहसीलदार ऋतु सिंघई व एसडीओपी बीरेन्द्र बहादुर के द्वारा परिजनो को ढाढस बंधाते हुये आरोपियो के ऊपर सख्त कार्यवाही व लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मियो पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।तब कही जाकर परिजनो ने 3 घंटे बाद हाईवे से जाम समाप्त कर शव का दाह संस्कार किया।

2 को किया गिरफ्तार, 2 पुलिस कर्मी लाईन अटैच

पुलिस जानकारी के मुताबिक बताया गया मृत्क नत्थू कुशवाहा को परसू यादव व अनंतराम यदव के द्वारा पहले अपहरण किया.गया उसके बाद मारपीट की गई जिससे उसकी मौत हो गई जिससे दोनो आरोपियो के खिलाफ धारा 365,366 सहित हत्या का मामला 302 कायम कर आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया जिससे न्यायालय मे पेश किया गया जहां से दोनो आरोपियो को जेल भेज दिया गया। वही परिजनो द्वारा थाने मे पदस्थ प्रधान आरक्षक कल्याण व राघबिन्द्र की लापरवाही व फरियादी से न्यायसंगत बात न करने की बात सामने आने पर दोनो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये लाईन अटैच किया गया है।

इनका कहना है

जब इस सबंध मे बडामलहरा एसडीओपी बीरेन्द्र बहादुर से बात की तो उनका कहना है हत्या के दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया साथ ही लापरवाही वर्तने बाले दो पुलिस कर्मियो को लाईन अटैच किया गया बाकी बयानो के आधार पर जो तथ्य सामने आयेगे उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

सार समाचार

घेराबंदी कर कट्टा बरामद किया

नौगांव, देशबन्धु। आगामी बिधान सभा चुनाव को

दृष्टिगत रखते हुए बरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में नौगांव थाना निरीक्षक सतीश सिंह द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधियो की धरपकड़ तेज करदी गयी है कार्यवाही को देखते हुए अपराधी या तो क्षेत्र छोड़कर भाग रहे है या फिर सलाखों के पीछे भेजे जा रहे है। नगर निरीक्षक को मुखबिर के द्वारा सूचना मिलने पर बगैर समय गमाये एक टीम ग्राम नेगवा गर्रोली चौकी प्रभारी आकांक्षा शर्मा के नेतत्व में तत्काल रवाना की गई मौके पर पहुच एक व्यक्ति को घेराबंदी कर तलाशी ली गयी तो उसके पास 315 बोर का कट्टा और 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ एवम 10 खाली खोका कारतूस मिले जिस पर धारा 25/27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई।

रोजगार मेला 14 को

छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय एवं म.प्र. डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त रूप से गुरूवार 14 सितम्बर को प्रात: 10:30 बजे महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर के छात्रावास परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया गया है। जिममें बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार देने के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र की कपंनियां भाग लेंगी।

कलेक्टर ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण

छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर संदीप जी.आर. ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने समक्ष में ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत गोदाम को खुलवाकर निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सभी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए और सुरक्षा गार्ड्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के

बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

शराब के नशे में महिला का हंगामा

छतरपुर, देशबन्धु। शराब के नशे धुत्त एक महिला ने शराब दुकान के सामने जमकर हंगामा किया।उसके साथ दो मासूम बच्चे भी थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस को हंगामा शांत करने मे भारी मशक्कत करना पडी।

सोमवार की शाम बस स्टेंड के समीप दुकान से शराब खरीदकर नशे मे धुत्त हो गई। कुछ ही समय बाद नशा सिर चढ कर बोलने लगा।जब लोगों ने रोकने प्रयास किया तो उसने हंगामा शुरू कर दिया।

शिवराज को बुलाओ, महिला का हंगामा रोकने गए कोतवाल अरविन्द कुजूर के सामने अजीब गरीब मांग की। महिला की मांग थी की प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को बुलाओ।शराब की दुकान बंद कराओ। शराब लोगों बरबाद कर रही है। पुलिस ने महिला के दोनों बच्चों को उससे छुडा कर। उसे कोतवाली ले जाया गया।

निष्कासित भाजपाईयों की घर वापसी

छतरपुर, देशबन्धु। महाराजपुर विधानसभा के पूर्व में पार्टी से निष्कासित हुए पदाधिकारियों को गढ़ी मलहरा की बैठक के दौरान पुन: भाजपा में शामिल किया गया। जिसमे मंडल अध्यक्ष हरपालपुर जितेंद्र सिंह परिहार युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चक्रेंद्र तिवारी, मंडल महामंत्री सुरेंद्र सिंह, नौगांव मंडल अध्यक्ष आशू मिश्रा, लुगासी मंडल अध्यक्ष महेंद्र अहिरवार को जिला प्रभारी एवम

प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल कुशवाहा एवं जिला अध्यक्ष मलखान सिंह ,तथा महाराजपुर विधानसभा के प्रत्याशी कुं कामाख्या प्रताप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता गणों की उपस्थिति में पार्टी का दुपट्टा पहनाकर निष्कासित कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मलखान सिंह ने शामिल हुए कार्यकर्ताओं से संगठन हित में कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी को बहुमत से जिताने को कहा है। यह जानकारी भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविन्द बुन्देला ने प्रेस को दी है।

नौगांव में हुआ शिक्षकों का सम्मान

नौगांव, देशबन्धु। शिक्षक संदर्भ समूह के जिला समन्वयक श्री डॉ आरबी पटेल के सानिध्य में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नौगांव में रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह व परीक्षा परिणाम बेहतर कैसे लाएं पर कार्यशाला हुई। डाइट प्राचार्य पीएल अहिरवार ने अध्यक्षता की।

शिक्षक संदर्भ समूह नौगांव ब्लॉक की समन्वयक कल्पना मुखरैया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को अच्छे तरीके से संपन्न करवाया गया संचालन की भूमिका में श्री बृजेंद्र अहिरवार एवं महेश अहिरवार द्वारा किया।

डाइट प्राचार्य पीएल अहिरवार एवं एपीसी नीरज खरे एवं बड़ा मलहरा बीआरसी प्रमोद राजपूत एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ आरबी पटेल ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

शिक्षिका निशा राय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत किया गया। शिक्षिका निशा राय की बेटी पूर्वी राय ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र अहिरवार शिक्षक ने किया। शिक्षक मनोज गुप्ता, अमर सिंह राय, अनीता गुप्ता, बेबी अहिरवार एवं अन्य शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए।

बड़ामलहरा बीआरसी विनोद राजपूत द्वारा शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए। एपीसी नीरज खरे ने हृदय स्पर्शी शिक्षक बिंदुओं पर एवं गिजुभाई पर प्रकाश डाला। मूंछों वाली मां के बारे में एवं बच्चों में सबसे बड़ी समस्या भय का वातावरण को दूर करने के लिए कहा गया। विद्यालय को ही आनंद घर के रूप में प्रस्तुत करते रहें।

डॉ आरबी पटेल ने शिक्षक संदर्भ समूह की शुरुआत प्रदेश स्तर पर कैसे हुई के बारे में विस्तार से बताया एवं यह भी बताया कि गिजुभाई का शिक्षा के क्षेत्र में क्या योगदान रहा। इसके पश्चात शॉल एवं श्रीफल के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने शिक्षकों को सील एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डाइट के प्राचार्य पीएल अहिरवार ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षकों के लिए मोटिवेशनल सूत्र दिए एवं यह आश्वस्त किया कि इन सभी शिक्षकों के मोबाइल नंबर पद सहित सूची डाइट में दी जाए ताकि समय-समय पर इन शिक्षकों को बुलाया जा सके। विकासखंड की शिक्षक संदर्भ समूह की समन्वयक कु. कल्पना मुखरैया ने आभार प्रदर्शन किया। व्यवस्थामें महत्वपूर्ण योगदान डाइट की सदस्य रामवती रैकवार एवं किशोरी लाल कुशवाहा का रहा।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

छतरपुर, देशबन्धु। राष्ट्रीय कृमि दिवस (ए.डी.डी.) का आयोजन मंगलवार 12 सितम्बर और मॉप-अप दिवस का आयोजन 15 सितम्बर को किया जाना है। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. के निर्देशन मे जिले में 01 से 19 वर्ष तक बच्चों को एल्बेडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। कलेक्टर द्वारा इस अभियान को सफल बनाने समस्त अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अभियान में शासकीय शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, प्रायवेट शालाओं, मदरसों, स्थानीय निकाय की शालाओं तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों का कृमिनाशन किया जायेगा। साथ ही 20 से 49 वर्षीय महिलाओं (जो कि गर्भवती एवं धात्री महिलाएं नही है) को एल्बेंडाजोल की गोली आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सेवन किराया जाएगा। ताकि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

समस्याएं सुनीं निदान के लिए वितरित किए विशेष कार्ड

छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी ने सोमवार को किशोर सागर क्षेत्र में स्थित सेवाग्राम परिसर में विधानसभा क्षेत्र के मजदूर एवं कामगार वर्ग का विशाल सम्मेलन आयोजित किया।

इस सम्मेलन में लगभग दो हजार मजदूर भाई-बहिन शामिल हुए। सम्मेलन के माध्यम से विधायक ने इनकी समस्याएं सुनीं और इनके निराकरण की नीति बनाई। इस मौके पर मजदूरों को मंच के माध्यम से शाल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मजदूर भाई-बहिनों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह कोई चुनावी कार्यक्रम नहीं है। पिछले 5 वर्षों में मैने सतत् रूप से नगर के मजदूर वर्ग की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उनकी लड़ाई लड़ी है।

5 लीटर महुआ की शराब के साथ पकड़ा गया युवक

दिगौड़ा, देशबन्धु। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए कस्बे के बिजली कार्यालय के पास एक युवक के कब्जे से अवैध कच्ची शराब जप्त करके आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी नीरज लोधी ने भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ कार्यवाही की है। बिजली कार्यालय के पास एक युवक प्लास्टिक की कुप्पी में शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ था। पुलिस को देखते ही व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ कर उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ से बनी हुई शराब जप्त की है। आरोपी मोहित राय उम्र 18 साल निवासी बिंदारी थाना मोहनगढ़ के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक मुकेश राय, प्रभू सिंह की अहम भूमिका रही।

नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा करेंगी शिविर का शुभारंभ

- महालक्ष्मी मंदिर में नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

छतरपुर, देशबन्धु। सरानी दरवाजा बाहर स्थित माँ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज द्वारा 12 सितंबर को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा करेंगी।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि सटई रोड स्थित ग्रीन एवेन्यू कालोनी निवासी गल्ला व्यापारी ओमप्रकाश अग्रवाल ब्रजपुरा वालों द्वारा पिता बेनीप्रसाद अग्रवाल व मां रामप्यारी अग्रवाल की स्मृति में लगने वाले इस शिविर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा आँखों की जांच कर दवाई और चश्मा दिये जाएंगे।

शिविर दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए शिविर के बाद चित्रकूट ले जाया जाएगा। मरीजों के जाने, वापस आने एवं भोजन व ठहरने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। शिविर में मरीजों के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने आँखों के मरीजों से अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। मरीज आधारकार्ड की फोटोकॉपी जरूर ले कर आएं।

बड़ा मलहरा में शुरू हुई तीन दिवसीय हनुमंत कथा

भक्तों के उद्धार के लिए हुआ हनुमान जी का जन्म : पं. धीरेंद्र

छतरपुर, देशबन्धु। *विशाल जन सैलाब के साथ बड़ामलहरा में तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा का आगाज हुआ है। कथा व्यास के रूप में देश-विदेश में विख्यात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री है। भगवत चरित्र का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास महाराज श्री ने कहा कि हनुमान जी का अवतार राक्षसों को सुधारने और भक्तों का उद्धार करने के लिए हुआ है।*

बड़ा मलहरा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में शुरू हुई तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा के पहले दिन कथा व्यास बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री ने हनुमान चालीसा की चौपाई रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई, तुम मम प्रिय भरतहिं सम भाई से शुरुआत की

महाराज श्री भक्तों के अपार समूह को हनुमान जी की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि जिस तरह से भरत जी ने अपने भाई श्री राम के लिए मां का त्याग कर दिया था इसी तरह हनुमान जी ने राम जी के लिए त्याग किया है। राम जी के कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए ही हनुमान जी पृथ्वी में अवतरित हुए थे। इस कथा में न केवल आसपास के बल्कि देश के कोने-कोने से लोग कथा रसपान करने आए हैं।

बुंदेलखंड के पानी की नहीं मिलती थाह : *कथा व्यास महाराज श्री ने कहा कि यह बुंदेलखंड है जिसकी तह दुनिया में कोई भी नहीं पा सका। उन्होंने प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भीमकुंड की चर्चा करते हुए कहा कि डिस्कवरी चैनल की टीम भी भीमकुंड की थाह नहीं पा सकी। धर्म और अध्यात्म के लिए बुंदेलखंड से अच्छा कोई स्थान नहीं है।*

देशबन्धु

सागर, मंगलवार 12 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

मीडिया से बचते मोदी

एक ओर तो रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में उभरे अनेक अंतरराष्ट्रीय मसलों के बारे में खबरें आ रही हैं, तो वहीं ये पहलू भी सामने आया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को मीडिया से बात करने की इजाजत नहीं दी थी। शिखर सम्मेलन के पहले तथा मोदी-बाइडेन मुलाकात के बाद प्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति से बात करना चाहता था, लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वियतनाम पहुंचकर यह जानकारी दी जिसे लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम नरेश ने तंज कसते हुए आरोप लगाया है कि 'पीएम मोदी बाइडेन से कह रहे हैं कि न प्रेस कांफ्रेंस करूंगा, न करने दूंगा।' (प्रेस कांफ्रेंस नहीं करेंगे और न ही आपको करने देंगे)। अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने जो कुछ वियतनाम में कहा उसके मुताबिक उन्होंने (बाइडेन ने) मोदी से मानवाधिकारों के सम्मान और एक मजबूत समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक संस्थाओं और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को उठाया था।

यह अपने आप में बड़ा विरोधाभास है कि एक ओर तो बाइडेन स्वतंत्र प्रेस की भूमिका याद दिला रहे हैं और स्वयं मोदी उतनी ही तेजी से उनकी सीख को दरकिनार करते हुए मीडिया से न स्वयं बात करते हैं और न ही अपने मेहमान को बात करने दे रहे हैं। पहली बात तो यह है कि एक राष्ट्रपति को दूसरे सम्प्रभु मुल्क के राष्ट्राध्यक्ष से यह कहने की आखिर ज़रूरत ही क्यों पड़ी कि वे मानवाधिकारों का सम्मान करें और नागरिक संस्थाओं व स्वतंत्र मीडिया की भूमिका को समझें। क्या अपने देश को हर घड़ी 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले राष्ट्रप्रमुख से इस बात की उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि वे इन तथ्यों को पहले से जानें? फिर, एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष को क्या यह सीख दी जाने की आवश्यकता इसलिये पड़ गई क्योंकि उसे इस बात का इल्म है कि मेजबान देश में ऐसा नहीं हो रहा है? यानी घर आया मेहमान जानता है कि आप मानवाधिकार का सम्मान नहीं करते, यह देश नागरिक संस्थाओं की भूमिका से अनभिज्ञ है और यहां मीडिया आज़ाद नहीं है।

सम्भव है कि भारत का विदेश मंत्रालय इस बात का कोई जवाबी बयान जारी करे या फिर यह भी हो सकता है कि वियतनाम दौरे के समापन अवसर बाइडेन जब मीडिया को विस्तार से सम्बोधित करें तो इस बाबत और भी खुलासा करें। अमेरिका का विदेश मंत्रालय भी वाशिंगटन से ऐसा कर सकता है। जो भी हो, बाइडेन का यह बयान भारत के लिये शर्मिंदगी लेकर आया है। वह इसलिये कि यहां होते मानवाधिकारों के हनन, नागरिक संस्थाओं व मीडिया की आज़ादी को लेकर गम्भीर स्थिति बन गई है। अधिक कष्टप्रद तो यह है कि जो कुछ भी बाइडेन ने कहा, उसका प्रमाण मोदी स्वयं और तत्काल दे रहे हैं। कदाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा उसका आधार उन तक पहुंचती भारत की इस आशय की खबरें हो सकती हैं। इसके अलावा जून में मोदी जब अमेरिका गये थे तब भी उनसे बार-बार निवेदन किया गया था कि बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करें। मीडिया ही नहीं, सभी तरह के मंचों पर सवालों से भागने वाले मोदी इससे मुकरते रहे। एक बड़े दबाव के अंतर्गत मोदी इसके लिये राजी तो हो गये परन्तु केवल दो सवाल लेने के लिये तैयार हुए थे। उनसे भारत में होते अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और देश में धार्मिक आजादी पर होने वाले हमलों से सम्बन्धित प्रश्न किये गये थे। यह भी पूछा गया था कि वे इससे निपटने के लिये क्या उपाय कर रहे हैं। सवालों का तार्किक व सिलसिलेवार उत्तर देने की बजाय प्रधानमंत्री ने उसी गोलमाल ढंग से बात की जिसके लिये वे जाने जाते हैं। इसके साथ ही उनकी भारतीय जनता पार्टी तथा मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की ट्रोल आर्मी ने सवाल करने वाली मुस्लिम मीडियाकर्मी पर आलोचना की इस कदर बौछारें की कि बाइडेन प्रशासन तक को उसके बचाव में उतरना पड़ा था।

मोदी की पिछली यात्रा जब हुई थी, उसके पहले मणिपुर में साम्प्रदायिक हिंसा के मामले सामने आने लगे थे, धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत की रैंकिंग काफी नीचे जा चुकी थी जिसके सम्बन्ध में कई रिपोर्टें मिल रही थीं तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने बतला दिया था कि मोदी के प्रश्रय से गौतम अदानी दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना है। इन तमाम विषयों पर उनसे अमेरिकी मीडिया बात करना चाहता था लेकिन जिन मोदी साहब ने खुद के देश में 2014 यानी पीएम की कुर्सी सम्भालने के बाद से कभी प्रेस कांफ्रेंस नहीं की है वे अमेरिका में प्रेस कांफ्रेंस करने के लिये कैसे आसानी से तैयार हो सकते थे जबकि यहां मीडिया का बड़ा हिस्सा सरकार समर्थक है। 2021 में तो खुद बाइडेन एक तरह से व्यंग्य स्वरूप कह चुके थे कि 'अमेरिकी मीडिया की तुलना में भारतीय मीडिया का व्यवहार काफी अच्छा है' (स्वाभाविकत: मोदी ने इस पर रजामंदी दिखलाई थी)। कुल जमा यह देश के लिये शर्मनाक स्थिति है कि मीडिया से उनके बचने की चर्चा देश के बाहर उस व्यक्ति के द्वारा की जाये जिसकी आवाभगत में आपने पलक पांवड़े बिछाये थे तथा राजशाही को मात देने वाली आवभगत की थी। मोदी की मीडिया से बचने की हरकतें न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र के लिये बेचैनी पैदा करने वाली हैं, बल्कि यह एक चुनी हुई सरकार द्वारा किया जाने वाला गैरजिम्मेदाराना रवैया है। मोदी को चाहिये कि वे मीडिया से वार्ताएं करें क्योंकि लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व संवाद ही है।

उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत

जी-20 के अनुपातहीन तमाशे की चकाचौंध से मोदीराज ने जिन बहुत सी अप्रिय सच्चाइयों को एक हद तक कामयाबी के साथ छुपाया है, उनमें एक सच्चाई प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेतृत्व में चल रही संघ-भाजपा की जोड़ी के घटते जन-समर्थन की है। इसी सच्चाई का एक और सबूत, जी-20 के शुरू होने से ऐन पहले आए, छ: अलग-अलग राज्यों में हुए सात विधानसभाई सीटों के उपचुनाव के रूप में सामने आया है। बेशक, सभी जानते हैं कि आम तौर पर उपचुनावों में और खासतौर पर विधानसभाई उपचुनावों में, सत्ताधारी दलों के लिए अनुकूल स्थिति रहती है और इसलिए उप-चुनावों के नतीजों में बहुत ज्यादा अर्थ नहीं पढ़ा जाना चाहिए। फिर भी, देश के छ: अलग-अलग राज्यों में एक साथ हुए उपचुनावों के संकेतों को, महज स्थानीय मामला मानकर अनदेखा करना किसी भी तरह से तार्किक नहीं होगा। इन नतीजों के वृहत्तर संकेतों को पढ़ने से तब इंकार करना तो और बेतुका होगा, जब ये चुनाव देश के पैमाने पर बढ़ते तथा तीखे होते हुए राजनीतिक ध्रुवीकरण के संदर्भ में हो रहे थे, जिसकी अभिव्यक्ति विपक्षी मंच इंडिया के गठन के रूप में हो रही है।

इंडिया की मुंबई बैठक में, जो हाल के विधानसभाई उप-चुनावों से ठीक पहले, 31 अगस्त तथा 1 सितंबर को हुई थी, 28 राजनीतिक पार्टियों ने हिस्सा लिया था। बेशक, इस बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में ही "मिलकर लड़ने" का संकल्प लिया गया था और वह भी जहां तक बन पड़े एकजुट होने का ही निश्चय किया गया था और अगले चंद महीनों में होने जा रहे चार राज्यों के महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों तक की चर्चा नहीं की गई थी, तब विधानसभाई उपचुनावों के लिए औपचारिक रूप से एकजुट होने का तो सवाल ही कहां उठता है। इसके बावजूद, विधानसभाई चुनावों या उपचुनावों की चर्चा नहीं होना या आम चुनाव में भी "जहां तक बन पड़े...एकजुट होने" की ही बात करना भी, सत्ताधारी मोदी निजाम की ज्यादा से ज्यादा उजागर होती सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ, विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा एकजुट होने के प्रवाह को नकारता नहीं है बल्कि उसकी जटिलताओं को पहचान कर, उनके बीच से अधिकतम एकता हासिल करने के प्रयास की, यथार्थवादिता को ही दिखाता है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि छ: राज्यों में नतीजों ही नहीं, जमीन पर राजनीतिक कतारबंदियों की सारी भिन्नता के बावजूद, इन उपचुनावों के नतीजों से एक वृहत्तर हैडलाइन, जी-20 के शोर के नीचे मीडिया में बहुत तक दब जाने के बावजूद, "इंडिया 4, एनडीए 3" यानी इंडिया के भारी पड़ने की ही बनी है। दूसरी ओर एनडीए के लिए सबसे अनुकूल हैडलाइन भी इसका दावा करने से आगे नहीं जा सकी है कि, 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' यानी मुकाबला बराबरी पर छूटा! कहने की जरूरत नहीं है कि यह भी मोदीराज के लिए इंडिया की उपस्थिति से गंभीर चुनौती आने को तो दिखाता ही है, जबकि अभी तक इंडिया की तीन बैठकें ही हुई हैं और जनता के मुद्दों पर जन अभियान का सिलसिला तो अभी शुरू भी नहीं हुआ है।

सभी जानते हैं कि इन उप-चुनावों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल तथा केरल की एक-एक सीट यानी कुल चार सीटें भाजपा-विरोधी पार्टियों के खाते में गई हैं, जबकि त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट भाजपा ने अपनी झोली में डाल ली है, हालांकि त्रिपुरा में उसने जिस खुल्लमखुल्ला धांधली से इन सीटों पर कब्जा किया है, इसकी हम जरा बाद में चर्चा करेंगे। यह अलग से कहने की जरूरत नहीं है कि सभी सात सीटों पर, भाजपा या उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार मैदान में थे और उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद, इस उपचुनाव में नतीजा वाकई 4 बनाम 3 का रहा है। फिर भी 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' की हैडलाइन का इस सीमित अर्थ में कुछ औचित्य माना जा सकता है कि उपचुनाव से पहले, इन सात में से तीन सीटों पर ही भाजपा का कब्जा था, जबकि चार सीटों पर भाजपा-विरोधी दलों का कब्जा था और उपचुनाव के बाद भी स्कोर जस का तस रहा है! वैसे यह भी अर्द्ध-सत्य ही है क्योंकि उत्तर प्रदेश की घोसी सीट का विधायक, दलबदल करा के भाजपा के अपनी झोली में डाल लेने से ही, उस सीट पर उपचुनाव हो रहा था।

राजेन्द्र शर्मा

> इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी।

जैसा कि हमने पीछे कहा, इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी कि भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) को दोनों सीटों पर चुनाव निरस्त करने की मांग करनी पड़ी थी और चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई ही नहीं किए जाने पर, उसे मतगणना के बहिष्कार का भी ऐलान करना पड़ा था। मतदान के पहले और मतदान के दिन, सत्ताधारी दल के पालतू गुंडों के आतंक, हिंसा तथा अपने प्रतिस्पर्द्धियों के कार्यकर्ताओं व पोलिंग एजेंटों पर हमलों की भीषणता का अंदाजा, एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि बॉक्सानगर में सीपीआई (एम) के सिर्फ 16 और धनपुर में 19 पोलिंग एजेंट ही, अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच पाए थे और जल्द ही उन्हें भी मार-पीट कर तथा डरा-धमकाकर मतदान केंद्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। वोट की इस खुली लूट के बाद, भाजपा ने खुद को बॉक्सानगर विधानसभाई क्षेत्र में कुल 89 फीसद वोट लेकर विजयी घोषित करा लिया, जबकि इसी फरवरी में हुए विधानसभाई चुनाव में इस सीट पर भाजपा को सीपीआई (एम) उम्मीदवार ने ठीक-ठाक अंतर से हराया था। दूसरी विधानसभाई सीट, धनपुर पर हालांकि भाजपा की ओर से लड़ते हुए केंद्रीय मंत्री, प्रतिमा भौमिक ने फरवरी के चुनाव में जीत हासिल कर ली थी और बाद में उनके इस्तीफा देने के बाद ही यह सीट खाली हुई थी, इस सीट पर भाजपा का 71 फीसद वोट लेकर जीतना भी, अब तक के चुनावों के इतिहास में अभूतपूर्व है। ये नतीजे, बड़े पैमाने पर धांधली का ही संकेत करते हैं। और त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और वोट की लूट का यह पहला मामला भी नहीं है। वास्तव में 2018 के आरंभ में भाजपा के इस राज्य में सत्ता में आने के बाद से, हरेक चुनाव में यही कहानी दोहराई जाती रही है। इस फरवरी में हुआ विधानसभाई चुनाव में जरूर, तब चुनाव आयोग की सख्ती की वजह से, इस धांधली तथा लूट पर एक हद तक अंकुश लगा था और इसके नतीजे में भाजपा का गठजोड़ साधारण बहुमत के आंकड़े से नीचे फिसलते-फिसलते बचा था। सत्तारूढ़ भाजपा ने इसका बदला, चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद, विपक्ष तथा खासतौर पर सीपीआई (एम) के खिलाफ हिंसा व आतंक की भयावह मुहिम से लिया था और अब उप-चुनाव में उसी का विस्तार देखने को मिला। विडंबना यह है कि सत्ता के सहारे, विपक्षी कम्युनिस्टों को कुचलने के लिए हिंसा, आतंक तथा दमन और खुली चुनाव धांधली का यह खेल, भाजपा ने बंगाल के ममता राज से सीखा लगता है।

शेष पांच विधानसभाई सीटों में से केरल की पुथपल्ली सीट पर, जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे यूडीएफ के पूर्व-मुख्यमंत्री, ओमन चांडी की परंपरागत सीट रही थी और उनके निधन से खाली हुई थी, उनके बेटे ने यूडीएफ की ओर से सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट के बल पर प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है, जबकि राज्य में उसके प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले, एलडीएफ का उम्मीदवार मुकाबले में रहा है। यहां भाजपा वास्तविक मुकाबले से बाहर ही थी और उसका उम्मीदवार बहुत पीछे तीसरे नंबर पर रहा है, जहां वह अपनी जमानत भी जब्त करा बैठा। इसके विपरीत, प. बंगाल में धूपघुड़ी के उपचुनाव में, तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज कराई है, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। यहां भाजपा अगर संतोष हासिल कर सकती है तो इसी बात का कि इससे पहले हुए सागरदीघी के उपचुनाव के विपरीत, यह चुनाव भाजपा के उत्तरी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चेलेंजर के बने रहने को दिखाता है। सागरदीघी उपचुनाव में वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार ने, तृणमूल कांग्रेस से सीट छीन ली थी और भाजपा काफी दूर तीसरे स्थान पर खिसक गई थी।

शेष तीन सीटों का चुनाव व्यावहारिक माने में विपक्षी गठबंधन इंडिया और सत्ताधारी गठजोड़ एनडीए के बीच रहा था। इनमें से उत्तराखंड में, सत्तारूढ़ भाजपा ढाई हजार से कम वोट के अंतर से बागेश्वर सीट पर, अपने दिवंगत मंत्री की पत्नी को उम्मीदवार बनाकर, सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट और प्रशासन के दुरुपयोग के सहारे, किसी तरह से सीट बचाने में कामयाब रही। दूसरी ओर, उसे मुख्य चुनौती दे रहे कांग्रेस उम्मीदवार को, लगभग सारा भाजपा-विरोधी वोट मिला। समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियां कुछ सौ वोट तक ही सिमट गईं। इसकी उल्टी तस्वीर झारखंड में देखने को मिली, जहां डुमरी सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार ने, भाजपा-समर्थित आजसू उम्मीदवार को 17,513 हजार से ज्यादा वोट से करारी शिकस्त दी। झामुमो उम्मीदवार को समूचे विपक्ष का समर्थन हासिल था और सहानुभूति का लाभ भी मिला।

बहरहाल, इस चक्र में सबसे दिलचस्प और मानीखेज नतीजा, उत्तर प्रदेश में घोसी सीट का रहा। यह सीट, पिछले विधानसभाई चुनाव में प्रभावशाली अंतर से समाजवादी पार्टी के निशान पर जीते, दारासिंह चौहान के दलबदल कर भाजपा में शामिल हो जाने पर, विधानसभा से इस्तीफा देने से खाली हुई थी। भाजपा ने चुनाव के बाद मंत्री बनाने की मंशा जताने के साथ, दारासिंह चौहान को अपने निशान पर चुनाव में उतारा था और मुख्यमंत्री योगी समेत, अनेक मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को चुनाव प्रचार में उतारकर, एक प्रकार से अपनी पूरी ताकत चौहान को जिताने के लिए लगा दी थी। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभसपा) और संजय निषाद के नेतृत्व में निषाद पार्टी को अपने पाले में कर के भाजपा, अपने परंपरागत वोट के साथ राजभर व निषाद जैसे पिछड़े समुदायों का वोट जोड़ने और दूसरी ओर अल्पसंख्यक मतदाताओं को आतंकित करने के सहारे, अपनी जीत पक्की मानकर चल रही थी। लेकिन, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की, 42,759 वोट से जीत ने दिखा दिया कि मोदी-योगी के डबल इंजन राज की पकड़ से, उत्तर प्रदेश का जन-मानस, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की उसकी सारी तिकड़मों के बावजूद, तेजी से फिसलता जा रहा है। याद रहे कि यह सिलसिला 2019 के आम चुनाव से ही जारी है, जिसका 2022 के चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने के बावजूद, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सीटों व वोट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के रूप में काफी असर दिखाई दिया था। साफ है कि विपक्षी एकता की तमाम सीमाओं के बावजूद, जनता इंडिया के गिर्द विकल्प गढ़ने की ओर बढ़ रही है।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त

■ डॉ. ज्ञान पाठक

28 विपक्षी राजनीतिक दलों के नवगठित इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले 39 राजनीतिक दलों के नवीनीकृत एनडीए ने अभी-अभी अपनी पहली चुनावी लड़ाई का फल चखा है। जिन छह राज्यों में उपचुनाव हुए उनमें से 4 में इंडिया गठबंधन मजबूत होकर उभरा है, सात में से 4 सीटें जीतीं, और 4 में से 3 क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए पर बढ़त हासिल की है।

सितंबर 2023 विधानसभा उपचुनाव 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हुए- पूर्वी क्षेत्र में झारखंड में डुमरी और पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में त्रिपुरा में बॉक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश में घोसी और उत्तरी क्षेत्र में उत्तराखंड में बागेश्वर, और दक्षिणी क्षेत्र केरल में पुथुप्पल्ली। इंडिया गठबंधन ने जो 4 सीटें जीतीं, वे धूपगुड़ी, डुमरी, घोसी और पुथुपल्ली थीं, जबकि एनडीए ने जो 3 सीटें जीतीं, वे बॉक्सानगर, धनपुर और बागेश्वर थीं।

परिणाम का एक और महत्वपूर्ण पहलू भी उल्लेखनीय है - इंडिया गठबंधन द्वारा जीती गई सभी 4 सीटें उसके विभिन्न घटकों द्वारा जीती गईं- जैसे कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी में जीत हासिल की, जेएमएम ने झारखंड में डुमरी में, सपा ने उत्तर प्रदेश में घोसी में, और केरल में कांग्रेस ने पुथुपल्ली में। यह स्पष्ट रूप से अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन सहयोगियों के बीच बेहतर सीट बंटवारे की व्यवस्था का संकेत देता है।

> राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है। सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

उत्तर प्रदेश और झारखंड में सीट बंटवारे की व्यवस्था की सफलता और इसके परिणामस्वरूप उपचुनाव में उत्साहजनक नतीजों से अब इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए देश भर में सीट बंटवारे के लिए प्रेरित होना चाहिए। उपचुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि इंडिया गठबंधन सहयोगी न केवल सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने में सक्षम हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने में भी सक्षम हैं।

इसके विपरीत, एनडीए द्वारा जीती गई सभी 3 सीटें वास्तव में भाजपा द्वारा जीती गईं, जो कि अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति भाजपा नेतृत्व के बड़े भइये रवैये को दर्शाता है, जो पहले तो उनके साथ पर्याप्त संख्या में सीटें साझा नहीं कर सकता है और दूसरी बात यह है कि गैर-भाजपा एनडीए सहयोगी हालांकि संख्या में इंडिया गठबंधन सहयोगियों से ज्यादा हैं,चुनावी दृष्टि से महत्वहीन साबित हुए हैं। कुल मिलाकर भाजपा अपने ही दम पर है।

त्रिपुरा और उत्तराखंड में उच्च सांप्रदायिक ध्रुवीकरण सर्वविदित है, जिससे भाजपा को क्रमश: 2 और 1 सीटें जीतने में फायदा हुआ। पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण काम नहीं आया। यह स्थिति भाजपा के लिए काफी चिंताजनक है और इंडिया गठबंधन के लिए उत्साहवर्धक। प्रधानमंत्री मोदी के तथाकथित करिश्मे को घटते हुए और आरएसएस-भाजपा कबीले के हिंदुत्व प्रचार के कमजोर होना को- सभी बड़े राज्यों में देखा गया है। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक अतिरिक्त चिंता का विषय है, खासकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के 20 सीटें में, जहां कुल मिलाकर 136 लोकसभा सीटें हैं। केरल लोकसभा में 20 सीटें भेजता है और भाजपा को वहां हासिल करने के लिए कुछ भी नहीं है। त्रिपुरा और उत्तराखंड लोकसभा में केवल 2 और 5 सांसद भेजते हैं। जाहिर है, लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री मोदी के लिए इन उपचुनावों में हार का विशेष महत्व है।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से काफी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, जहां भाजपा ने 2019 के चुनाव में क्रमश: 18 और 62 लोकसभा सीटें जीती थीं। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन अभी भी इतना मजबूत है कि उसे आसानी से हराया नहीं जा सकता। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में अपना दबदबा कायम कर लिया है और प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठोस अभियानों के बावजूद उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा मजबूत और विजयी हुई है।

टीएमसी नेता निर्मलचंद्र रॉय ने धूपगुड़ी में भाजपा की तापसी रॉय को 4309 वोटों के अंतर से हराया, डुमरी में जेएमएम की बेबी देवी ने आजसू पार्टी की यशोदा देवी को 17,153 वोटों के अंतर से हराया, और सपा के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह चौहान को 42,759 वोटोंअंतर से हराकर घोसी सीट जीती। जीत का अंतर बताता है कि भाजपा ने झारखंड और उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन काफी हद तक खो दी है, जिससे इंडिया गठबंधन को फायदा हो रहा है। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, भाजपा को टीएमसी ने स्पष्ट रूप से मात दे दी है।

उत्तर प्रदेश के नतीजे सपा और इंडिया गठबंधन के लिए काफी उत्साहवर्धक हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा को 1,08,430 वोट मिले थे जबकि भाजपा को 86,214 वोट मिले थे। सपा के वोट बढ़कर 1,24,427 हो गये जबकि भाजपा के वोट घटकर 81,668 रह गये। यह केंद्र और राज्य में भाजपा नेतृत्व के लिए बेचैन करने वाला है, जो एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की बढ़ती अलोकप्रियता और दूसरी ओर सपा और उसके नेता अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत देता है।

झारखंड में, विधानसभा चुनाव 2019 में71,128 वोटों के मुकाबले झामुमो को वर्तमान उपचुनाव में 1,00,317 वोट मिले। हालांकि, 2019 में प्राप्त 36,840 वोटों के मुकाबले, आजसू पार्टी 83,164 वोट हासिल करने में सफल रही, शायद इसलिए कि उसे भाजपा के समर्थन से लाभ मिला। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर चुनाव लड़ा था और उसे 36,013 वोट मिले थे। कहने की जरूरत नहीं है कि एनडीए का वोट शेयर ज्यादा नहीं बढ़ सका, जबकि जेएमएम और इस तरह इंडिया गठबंधन ने भारी बढ़त हासिल की है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका लगा है, क्योंकि भाजपा ने यह सीट विधानसभा चुनाव 2021 में टीएमसी के 1,00,333 के मुकाबले 1,04,688 वोट हासिल कर जीत ली थी। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि दोनों पार्टियां अपनी जमीन खो रही हैं- भाजपा को केवल 93,304 वोट और टीएमसी को केवल 97,613 वोट मिले। टीएमसी के मुकाबले भाजपा तेजी से अपनी जमीन खो रही है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई (एम) ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है।

सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

पावन प्रसंग

आध्यात्मिक मार्ग है-योग

योग विद्या भारतभूमि की अमूल्य विरासत है। प्राचीनकाल से लेकर अब तक इस देवभूमि पर तपस्वियों, ऋषियों, योगियों, साधकों ने अपने साधना-तप पुरुषार्थ से योग की पुनीत परंपराओं को जाग्रत व पुष्ट बनाए रखा है। इसी धरा ने समूचे विश्व के समक्ष आत्मानुसंधान की प्रणाली के रूप में इस जीवन विज्ञान का अनावश्यक किया है। भारतीय जीवन-सिद्धांतों में योग का मार्ग शाश्वत और सनातन है। इस पर चलने वालों के लिए यह साधना-पथ सदैव ही परम कल्याणकारी रहा है। जिन्होंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्हेंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्होंने योग मार्ग पर चलकर तपकर साधक, सिद्ध और योगी के रूप में विश्व मानवता के जीवन-पथ को आदिकाल से प्रकाशित एवं गतिमान बनाए रखने का कार्य किया है।

विगत कुछ दशकों में योग को लेकर भारत ही नहीं, अपितु समूचे विश्व में एक नई क्रांति और जाग्रति का वातावरण बना है। शिक्षा, चिकित्सा और समाज कल्याण से जुड़े संस्था- संस्थानों में प्राथमिकता से योग के शिक्षण प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, शोध-साधना आदि के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। योग को लेकर अनेक स्वतंत्र संस्थान व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के विस्तार को गति दे रहे हैं। 21वीं सदी में योग के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ते आकर्षण और रुचि को देखते हुए यदि इसे योगक्रांति की सदी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अब योग केवल साधना मार्ग वालों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि चिकित्सा, कॅरियर, व्यवसाय, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौंदर्य आदि अनेक क्षेत्रों में इसका विस्तार स्पष्टता से देखा जा सकता है।

जीवन-विद्या की सर्वोत्कृष्ट प्रणाली के रूप में प्राचीनकाल से चली आ रही योगविद्या का आधुनिक युग में इतना बहुआयामी विस्तार और विकास अत्यन्त गर्व की अनुभूति कराने वाला है, लेकिन योग के ऐसे आधुनिक विस्तार के साथ इस पुनीत प्राचीन परंपरा में कुछ विसंगतियां भी दिखाई देने लगी है, जो हम सभी के लिए चिंता और चिंतन का विषय है। यह सर्वप्रत्यक्ष है कि हमारी आधुनिक सभ्यता पर किस तरह भोगवाद की प्रवृत्ति हावी है। व्यक्ति स्वयं को केंद्र में रखकर संसार की हरेक चीज को सुख-संसाधन और उपभोग की वस्तु बनाने पर आतुर है। ऐसी प्रवृत्ति से ग्रस्त समाज में एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो योग को भी व्यावसायिकता का एक नया क्षेत्र समझता है।

योग की शिक्षा,डिग्री, प्रमाणपत्र, उपाधि आदि प्रदान करने वाले संस्थानों की भी उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा और कॅरियर को लेकर भारी संख्या में युवाओं का इस ओर आकर्षण बढ़ा है। समय की मांग की दृष्टि से यह अच्छा प्रयास है लेकिन चिंता की बात यह है कि योग की इस आधुनिक शिक्षा प्रक्रिया में इस चैतन्य विज्ञान का जीवन के साथ अंतर्संबंध एवं मूल उद्देश्य कहीं खोता सा नजर आ रहा है।

आदिकाल से इसका शिक्षण-प्रशिक्षण व मूल्यांकन का कार्य ऋषि स्तर के तपस्वियों, अनुशासित योगियों, शिष्यों, साधकों अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कसौटियों में भी कहीं कोई छूट का प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए आचार्य की योग्यता और शिक्षार्थी की पात्रता, दोनों योग के उद्देश्य पूर्ति की आवश्यक और अनिवार्य शर्तें हैं। यहां इस चिंतन की आवश्यकता है कि योग की शास्त्रीय अवधारणाओं, विचारों, सिद्धांतों की जानकारी अथवा योग क्रियाओं के कुछ बाह्य पक्ष की कुशलता प्राप्त करा देने मात्र से योग लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता और न ही कोई सार्थकता सिद्ध होती है, लेकिन वर्तमान में योग शिक्षा की यही सच्चाई पहचान बनते जा रही है।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त हो सरकार

नशा नाश करता है पंजाब में इन दिनों नशे का कारोबार फलफूल रहा है। सरकार और पुलिस की ढुलमुल नीतियों के कारण पंजाब में नशे कारोबारियों के हौसले बुलंद है। पंजाब में नशे का कारोबार शबाब पर है। लेकिन सरकार और पुलिस इस तरफ ध्यान नही दे रहे है। इस तरह नशे का कारोबार चलता रहा तो नवयुवा बर्बाद हो जाएंगे पंजाब के किसान विश्व का पेट भरने के सक्षम है। नशे में फंसे किसानों के लिए बड़ी आफत है। नशे को खत्म करने के लिए अमृतसर में एक नौजवान सड़क पर उतर कर सरकार को जागृत करने की मुहिम छेड़ दी है। अमृतसर में चौक चौराहे पर बैनर तले नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है। लेकिन सरकार को कोई लेना देना नही है अमृतसर में वन मैन शो प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस मुहिम से सरकार नशे के कारोबारियों को पकड़ कर सजा कर सके। लिहाजा,उस युवक ने ठान ली है कि जब तक नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे नही धकेल देता हूँ। सुकून से बैठ नही सकता हूं। नशा के कारोबारियों को रोकने के लिए पंजाब में री हैबीटेशन सेंटर खोलने की आवश्यकता है। नशा से कई पीढ़िया बर्बाद होती है। सरकार को सख्त रवैया अपनाना होगा। पूर्व मंत्री मजीठिया ने आप विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप नेता और नशे कारोबारियों में सांठगांठ है। पंजाब में नशे के खिलाफ ऐंटी ड्रग्स कमेटियां भी एक्टिव हो गई है। गांवो में मुहिम तेज कर दी है। सरकार की उदासीनता को दूर करने के लिए, ये कमिटियां आग में घी का काम कर रही है। नशे के कारोबारियों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। पंजाब में नशे की रोकथाम नही की गई तो वो दिन दूर नही, जब घर घर नशेड़ी मिलने शुरू हो जाएंगे। सरकार इस तरफ ध्यान देकर नशे कारोबारियों की धरपकड़ कर उनकी जगह बताई जाए।

कांतिलाल मांडोत सूरत

पार्टी के वरिष्ट नेताओं से मेल मुलाकात का दौर जारी

पन्ना विधानसभा क्षेत्र : पुष्पेन्द्र और पुरषोत्तम ने कांग्रेस से ठोकी दावेदारी

पन्ना, देशबन्धु। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहें है, विधानसभा चुनाव में लडने वाले प्रत्याशी भी आगे आ रहें है तथा पार्टी के वरिष्ट नेताओं से मुलाकात कर टिकिट की दावेदारी कर रहें है। प्रमुख राजनैतिक दलो से पन्ना विधानसभा के लिए अनेक नेता चुनाव लडने के लिए तथा टिकिट के लिए वरिष्ट नेताओं से मिलकर अपनी अपनी टिकिट पक्की करने मे लगें हुए है। इसी कडी में कांग्रेस पार्टी से दो प्रमुख नेताओं ने भी अपनी अपनी दावेदारी कर दी है तथा विधानसभा चुनाव लडने के लिए मैदान मे उतरने के लिए ताल ठोक दी है। लगातार कई दशको से पार्टी मे जुडे हुए तथा पार्टी की सेवा कर रहें प्रमुख नेताओं ने पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष तथा जिला महामंत्री पुष्पेन्द्र सिंह परमार ने पन्ना विधानसभा से चुनाव लडने के लिए अपनी दावेदारी की है।

वहीं पिछडा वर्ग से पन्ना नगर पालिका का अध्यक्ष का चुनाव लड चुके पुरषोत्तम जडिया भी विधानसभा प्रत्याशी के लिए कांग्रेस पार्टी से अपनी दावेदारी कर रहें है। ज्ञात हो कि पुष्पेन्द्र सिंह परमार लगातार 1984 जुडे हुए है तथा 1984 से 1994 तक युवक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पद पर रहें है तथा पार्षद एवं कार्यकारी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पन्ना के पद पर 1994 से 2000 तक बने रहें नगर पालिका उपाध्यक्ष रहते हुए उनके द्वारा नगर विकास में बेहतर कार्य किये तथा आम जनता के लिए हमेशा तत्पर्य रहें। लोगो की समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जाता था एवं इनके कार्यकाल में बेहतर ढंग से नगर पालिका का संचालन होता रहा है। इसी दौरान वह जिला सरकार के सदस्य रहें तथा जिला योजना समिति में शामिल हो कर जिला सरकार संचालन करने मे बेहतर योगदान रहा। वह बुन्देलखंड बहुउद्देश्यीय समिति के संचालक के पद पर भी पदस्थ रहें है। तथा सेवादल से जुडकर भी कार्य किया है। वह अन्य समाजिक संस्थाओं जैसे ला कालेज, जिला कुष्ठ उन्मूलन समिति के सदस्य भी रहें है। वह जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पद पर लगातार सेवाए दे रहें है तथा पार्टी द्वारा समय समय पर उनको सोपे गयें कार्यो को उन्होने बेहतर ढंग से संचालित किया है। उनकी पत्नी इन्द्रा सिंह जनपद पंचायत गुनौर की अध्यक्ष पद पर भी पदस्थ रही है। श्री सिंह द्वारा हमेशा पार्टी के कार्यो में बढ चढ कर हिस्सा लिया तथा आम जनता के साथ बेहतर संबंध बनाये। इसी प्रकार पन्ना विधानसभा क्षेत्र से अन्य दावेदार के रूप में पिछडा वर्ग से पुरषोत्तम लाल जडिया ने भी अपनी दावेदारी पार्टी प्रत्याशी के लिए की है। श्री जडिया हमेशा कांग्रेस पार्टी से जुडे रहें है। इनके पिता मुन्नू लाल जडिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे है तथा नगर पालिका पन्ना के उपाध्यक्ष भी रहें है। सराफा व्यवस्याय से संबंध रखने वाले श्री जडिया के व्यापारियों तथा आम लोगो से बेहतर संबंध है। वह वर्ष 2014 में कांग्रेस पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव भी लड चुकें है। एवं चुनाव में अच्छे मत उन्होने प्राप्त किये थें। जिला मुख्यालय के साथ-साथ पूरे विधानसभा में उनके अच्छे संपर्क है। इसके साथ ही वह पार्टी के अनेक पदो पर रहते हुए विभिन्न समाजिक संस्थाओं से भी जुडे है। उद्यमी प्रकेष्ट के जिला अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय स्वर्णकार समाज उपाध्यक्ष हीरा व्यापार मंडल तथा जिला अध्यक्ष सराफा एशोसिएशन के पद पर कार्य कर रहें है। इस प्रकार श्री जडिया द्वारा भी पन्ना विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी की जा रही है एवं वरिष्ट नेताओ से मेल मुलाकात करते हुए उनके समक्ष दावेदारी कर रहें है। गौरतलब है कि पन्ना विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की ओर से आधा दर्जन कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता टिकिट की मांग कर रहें है। पन्ना विधानसभा में 290 मतदान केन्द्र है तथा दो लाख पचास हजार के करीब मतदाता है। जिसमें अजयगढ क्षेत्र मे सर्वाधिक मतदान केन्द्र एवं मतदाता है, इसके अलावा पहाडीखेडा तथा पन्ना जिला मुख्यालय का क्षेत्र आता हैं।

एक दिन मे हुए 2 सड़क हादसे, एक दर्जन से अधिक घायल

- अस्सी करोड़ की लागत से बनाई गई घटिया सडक आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना से पहाड़ी खेड़ा रोड पर लगातार अव्यवस्थित व लापरवाही पूर्ण चल रहे सड़क निर्माण कार्य से आये दिन सडक दुर्घटना हो रही है। बीते दिवस एक ही दिन मे दो बड़े सडक दुर्घटना हुई। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है तथा गंभीर स्थिति में इलाज करा रहें है।

पन्ना से पहाडीखेडा तक लगभग 40 किलोमीटर सडक का निर्माझा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। जो अत्यंत घटिया एवं गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है तथा चिकनी मिट्टी एवं अमानक गिट्टी डालकर कार्य लगातार जारी है तथा थोडी सी वर्षात होने पर भी सडक पर वाहनो का चलना मुश्किल हो जाता है एवं सडक दुर्घटनाएं होती है। इस संबंध में लगातार स्थानीय लोगो द्वारा जिला प्रशासन तथा लोक निर्माण विभाग के जिम्मेवारी अधिकारियों को विभिन्न माध्यमो से अवगत कराया गया। इसके बावजूद निर्माण कार्य में सुधार नही हुआ।सडक दुर्घटनाओं के चलते अनेक लोग अस्पतालो मे इलाज करा रहें है। विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं उपयंत्री सहित अन्य कर्मचारी जो इस कार्य में संलग्न है उनके द्वारा इस प्रकार के प्रयास नही किये गयें। जिससे सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाई जा सकें। बीते दस सितम्बर को स्कार्पियो गाड़ी व एक एसयूवी गाड़ी में सवार घायल लोगों की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है व इनका इलाज जारी है। पन्ना पहाड़ीखेरा मार्ग का यह स्थिति है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है पुरी की पूरी सड़क खोद दी गई है निर्माण कछुआ चाल में चल रहा है। उक्त सडक निर्माण कार्य में विभाग के अधिकारी ठेकेदार के अनुसार ही कार्य कर रहें है।

मंदिर में चल रही अव्यवस्थाओं के विरोध में समाजसेवियों का अनशन प्रारंभ

पन्ना, देशबन्धु। नगर के आराध्य भगवान श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर घटित घटना से धर्म प्रेमियों एवं भक्तों में आक्रोश व्याप्त है मंदिर में फैली अवस्थाओं को रोकने नगर के समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हिंदू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक योगेंद्र भदौरिया के नेतृत्व में जनकल्याण न्यास पन्ना के बैनर तले अनशन प्रारंभ कर दिया है, इस संबंध में कलेक्टर के नाम पत्र सौंप कर निम्न मांगे रखी गई है। श्री जुगल किशोर मंदिर की समिति तत्काल भंग हो और नए सदस्य का चुनाव कलेक्टर एसपी तथा वरिष्ट अधिकारियो के द्वारा किया जायें तथा जिले के वरिष्ट सामाजसेवियो को शामिल किया जाये। समिति मे किसी प्रकार के राजनैतिक दलो के लोगो का हस्ताक्षेप न हो। थाल की व्यवस्था पारदर्शी हो, मंदिर के अंदर मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित हो, अंदर के दर्शन आम व्यक्ति को सुगमता से हों, जगनमोहन की मर्यादा स्थापित हो और हर किसी को घुसने की मनाही की जाये। स्मार्ट सिटी और अन्य निर्माण कार्यों की जांच व कार्रवाई हो, तथा मंदिर परिसर में हुए निर्माण कार्य की भी जांच कराकर ठेकेदार एवं अन्य पर कार्यवाही की जाये आदि मुद्दो को लेकर अनशन चल रहा है।

टेबिल टेनिस टूर्नामेंट सम्पन्न

पन्ना, देशबन्धु। एनएमडीसी लिमिटेड मझगवां पन्ना स्थित हीरा खनन परियोजना में विगत दिवस 10 सितम्बर को अंतरपरियोजना टेबिल टेनिस मैच का आयोजन किया गया था। जिसमें एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद और बचेली लौह अयस्क खान की टीमों के बीच मैच खेले गए, अंतिम मैच में बचेली टीम विजेता और मुख्यालय टीम उप विजेता रही। ज्ञात हो कि पन्ना के मझगवाँ स्थित हीरा खनन परियोजना में 08 सितंबर 2023 को मैच का शुभारंभ किया गया था तथा तीन दिन तक चले उक्त मैच का समापन 10 सितम्बर को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से परियोजना प्रबंधन समिति के सदस्य संजय दुबे, उप महाप्रबंधक वाणिज्य मृदुल दीक्षित, उप महाप्रबंधक खनन उत्पादन, आरके त्रिपाठी, सहायक महाप्रबंधक वित्त द्वारा एसआर डेहरिया, उप महाप्रबंधक सिविल अध्यक्ष खेल सलाहकार समिति डीएमपी पन्ना आदि।

कलेक्टर ने विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की

पन्ना, देशबन्धु। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में बैठक कर समीक्षा की। इस दौरान पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री की घोषणाओं के परिपालन में अब तक की गई कार्यवाही तथा अद्यतन प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर हरजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा सहित पन्ना टाईगर रिजर्व के उप संचालक रिपुदमन सिंह भदौरिया, डीएफओ दक्षिण वन मंडल पुनीत सोनकर, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिंह ने बैठक मे कहा कि बंगाली समाज के लोगों को जमीन पट्टे के लिए वन विभाग और तहसील कार्यालय से अभिमत संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बताया गया कि प्रकरण में धारा.6 की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, जबकि धारा.11 की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भू.अधिकार योजना में पट्टों के वितरण संबंधी जानकारी भी ली। इस दौरान श्री जुगल किशोर महालोक निर्माण के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति, पहाड़ीखेरा-मझगवां सड़क के भूमिपूजन, होम स्टे योजना, धरमसागर रिंग रोड कार्य की प्रगति के संबंध में चर्चा कर तालाब, कुओं एवं बावड़ियों के जीर्णोद्धार के लिए बेहतर डिजाइन व डीपीआर तैयार करने के लिए कहा। बड़ा बाजार में सुगम यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से डिवाइडर निर्माण का कार्य निरस्त करने के संबंध में निर्देश दिए। इसके अलावा शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए वन व्यवस्थापन के तहत हितग्राहियों को मिले पट्टो के अमल संबंधी कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया।

केन-बेतवा परियोजना के क्रियान्वयन के लिए समय सीमा में करें आवश्यक कार्यवाही : मंत्री श्री सिंह ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत जिले के विस्थापित ग्रामों के प्रभावित परिवारों के लिए भू.अर्जन की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करें। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि राशि अवार्ड के पहले पुनर्वास एवं पुर्नव्यवस्थापन समिति का अनुमोदन आवश्यक है। कैबिनेट द्वारा गत दिवस स्वीकृत विशेष पैकेज राशि की गाइडलाइन अनुसार राशि अवार्ड की जाएगी। मंत्री श्री सिंह ने सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने सहित निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिए। बैठक में वन एवं राजस्व विभाग के सीमा संबंधी विवाद के निराकरण, नहरपट्टी एवं पन्ना-पहाड़ीखेरा मार्ग सहित बड़ी सड़क परियोजनाओं के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा भी की गई। निर्माणाधीन पन्ना-पहाड़ीखेरा सड़क में एक साइड से कार्य पूर्ण होने पर आवागमन शुरू कराने के निर्देश दिए। रूंझ परियोजना में मुआवजा वितरण के लिए अविलंब आवश्यक कार्यवाही और शिविर के माध्यम से ग्रामवासियों को की गई कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए।

अस्पताल की मशीनों का करें निरीक्षण : कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने मरीजों के समुचित जांच व उपचार के दृष्टिगत अधिकारियों को जिला अस्पताल में उपलब्ध मशीनों और दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता के संबंध में निरीक्षण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ीखेरा के लिए आवंटित जमीन से अतिक्रमण हटाने संबंधी कार्यवाही तथा जिला आयुष अधिकारी को 50 बिस्तरीय अस्पताल के भूमिपूजन की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने मझगांय बांध में नहर के जरिए केन नदी से पानी लाने और पहाड़ीखेरा में बिछाई जा रही पाइपलाइन संबंधी कार्य की अद्यतन जानकारी ली। सिंघौरा 2 परियोजना के तहत जल जीवन मिशन अंतर्गत मझगांय से गुनौर तक पानी पहुंचाने की कार्ययोजना के बारे में पूछा। एनएमडीसी और जेके सीमेंट के सीएसआर फण्ड के माध्यम से अनाथ बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की सोलर पम्प योजना में लाभांवित कृषक हितग्राहियों की जानकारी पूछी। उर्वरक उपलब्धता तथा विद्युत पावर स्टेशन निर्माण के संबंध में भी अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

पन्ना जनसेवा अभियान की दी जानकारी : बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अवगत कराया कि 8 से 20 सितम्बर तक जिले में पन्ना जनसेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पूर्व में किन्हीं कारणों वश सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को लाभांवित किया जाएगा। 21 से 30 सितम्बर के मध्य हितलाभ का वितरण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ एवं अभियान के नोडल अधिकारी संघ प्रिय ने बताया कि तीन दिवस में अभियान में कुल 3 हजार 123 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ग्राम पंचायत और वार्ड स्तरीय दल द्वारा डोरटूडोर संपर्क कर योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों का सर्वे किया जा रहा है। अधिकारियों को कार्य के मॉनिटरिंग का दायित्व भी सौंपा गया है।

शिक्षक ने फटकारा तो पिता को खुदकुशी का संदेश भेजकर लापता हुआ छात्र

भोपाल, देशबन्धु। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ने वाले 9वीं के छात्र ने सहपाठी के साथ धक्का-मुक्की कर दी। शिकायत मिलने पर शिक्षक ने छात्र को फटकारते हुए टीसी थमाने की धमकी दे डाली। इसके बाद तनाव में आए छात्र ने स्कूल की छुट्टी होने के बाद पिता को खुदकुशी करने जाने का संदेश भेजा और लापता हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जानकारी निकालते हुए छात्र को नादरा बस स्टैंड से सकुशल खोज निकाला। समझाइश देने के बाद पुलिस ने उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि ग्राम दुपाड़िया निवासी सत्यनारायण शर्मा स्वयं का व्यवसाय करते हैं। उनका 15 वर्ष का बेटा जगदीशपुर में एक निजी स्कूल में 9वीं में पढ़ता है। शुक्रवार दोपहर को स्कूल के मध्याह्न अवकाश के समय उसने अपने सहपाठी को धक्का दे दिया। इससे उसके कपड़ों में कीचड़ लग गया। सहपाठी ने घटना की शिकायत अपने शिक्षक से कर दी। शिक्षक ने छात्र को शनिवार को पिता को साथ लेकर आने और टीसी ले जाने की बात कहकर फटकार लगा दी।

इससे छात्र तनाव में आ गया और स्कूल की छुट्टी होते ही छात्र ने अपने मोबाइल से पिता को खुदकुशी करने जाने का संदेश भेजा और गायब हो गया। यह संदेश मिलते ही बदहवास परिजन स्कूल पहुंचे तो अनहोनी की आशंका से स्कूल प्रबंधन भी सकते में आ गया। किसी का फोन भी रिसीव नहीं कर रहा था। वे लोग थाने पहुंचे और घटना के बारे में बताया। पुलिस ने तत्काल छात्र की तलाश शुरू कर दी।

रात तक खुले रेस्टोरेंट, बार-होटलों पर की कार्रवाई

भोपाल, देशबन्धु। आबकारी विभाग ने देर रात रेस्टोरेंट, बार और होटलों में बिना लाइसेंस के शराब परोसने की सूचना मिलने पर दबिश दी। इस दौरान कई जगह देर रात तक बगैर लाइसेंसपरोसी जाती मिली। इस मामले में अवैध शराब के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम् रायचुरा के निर्देशन में आबकारी नियंत्रक राजेंद्र जैन और टीम ने कार्रवाई की।

कॉलेज में आनलाइन प्रवेश शुल्क 15 तक जमा होगा

भोपाल, देशबन्धु। निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का छठवां कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण सोमवार को प्रारंभ हुआ आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में विशेष समूह के अपग्रेडेशन12 सितंबर तक कर सकते हैं।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय डाक विभाग ने फिलैटली छात्रवृत्ति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत कक्षा 6टीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। जिसमें कक्षा 6वीं से कक्षा 9वीं तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

आम सूचना

शपथ-पत्र

मैं, शपथकर्ता श्रीमति गुड्डी यादव उम्र 56 वर्ष पत्नी श्री प्रेमनारायण यादव निवासी कृष्णागंज वार्ड सागर शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त नामांकित स्थान की स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरा बचत खाता आई.डी.बीआई. बैंक सागर में कस्तूरी यादव पत्नी श्री प्रेमनारायण यादव के नाम से विगत 15 वर्षों पूर्व से है। कस्तूरी यादव मेरे स्कूल एवं मायके का नाम था।
3. यह कि गुड्डी यादव एवं कस्तूरी यादव दोनों नाम मेरे ही है। आधार कार्ड में गुड्डी यादव के नाम से है। किसी भी कार्यवाही में उक्त दोनों नाम मान्य किए जावे दोनों नाम मेरे ही है।

शपथकर्ता
गुड्डी यादव
कृष्णागंज वार्ड सागर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छतरपुर म.प्र.

E-Mail :- eepwdchhatar@mp.nic.in, Fax No. : 07682-246518, Phone No. 07682-246516

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/2023-24 छतरपुर, दिनांक 06.09.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई. डी क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रू.लाख में)	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7
1	2023_PWDRB_305497	नवीनीकरण कार्य	बिजावर टाउन मार्ग, लं. 4.00 किमी., टपरा लहर से पतराकोटा मार्ग लं. 2.69कि.मी. एवं बिजावर जटाशंकर मार्ग लं.1.10 कि.मी. कुल लंबाई 7.79 कि.मी.में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	85.41	अमानत राशि एवं अन्य वांछित दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
1	2023_PWDRB_305498	नवीनीकरण कार्य	छतरपुर स्थित शासकीय भवन पहुंच मार्ग लं. 2.00 कि.मी. छतरपुर पठापुर मार्ग लं. 2.00 कि.मी., देवपुर खन्देवरा मार्ग लं. 1.50 कि.मी. संभाग छतरपुर अंतर्गत स्थित समस्त विश्राम गृह एवं विश्राम भवनों की पहुंच मार्ग लं. 5.50 कि. मी. एन.एच. 75 से करीं विक्रमपुर मार्ग लं. 3.40 कि.मी. भदेश्वर पहुंच मार्ग लं. 1.10 कि.मी.एवं पहरापुरवा पहुंच मार्ग लं. 0.80 कि.मी. कुल लंबाई16.30 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	151.18	अमानत राशि एवं अन्य वांछित दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
1	2023_PWDRB_305500	नवीनीकरण कार्य	बिजावर बड़ामलहरा घुवारा मार्ग कि.मी. 1 से 23.00 कि.मी. एवं कि.मी. 47,48 कुल लंबाई 25.20 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य	प्रथम	366.93	अमानत राशि एवं अन्य वांछित दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
			योग		603.52	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 21.09.2023 एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.09.2023 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 25.09.2023 को कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर में खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

(रामस्नेही शुक्ला)
कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.(भ/स) संभाग छतरपुर (म.प्र.)

जी-19566/23

कार्यालय नगर परिषद, बण्डा जिला- सागर (म.प्र.) -470335

Email:-cmobanda@mpurban.gov.in
फोन नं.-07583-252240
क्रंमांक/ लो.नि. / न.प. /2023/ 1960 बण्डा दिनांक 08.09.2023

ई निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय नगर परिषद बंडा द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित आई.एस.एस.आर. प्रभावशील दिनांक 02.08.2021 (निविदा जारी दिनांक तक हुए सभी संशोधनों सहित) अनुसार प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में केंद्रीकृत पंजीयन पद्धति में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न अनुसार कार्य तु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्रं.	टेंडर क्रं. जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समय अवधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य व इ.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2023_UAD_306195_1	Construction Work of Marriage Hall and rooms at nagar Parishad Banda	8 माह 9714900.00	10000.00 73000.00	18.09.2023
2	2023_UAD_306227_1	Construction of drain in ward 15 At nagar Parished Banda	2 माह 403,065.00	2000.00 4100.00	25.09.2023
3	2023_UAD_306228_1	Construction of drain at ward no-05 nagar Parished Banda	2 माह 927677.00	2000.00 10000.00	25.09.2023
4	2023_UAD_306229_1	Construction of drain at ward no-10 nagar Parished Banda	2 माह 501021.00	2000.00 5100.00	25.09.2023
5	2023_UAD_306230_1	Construction of meat market At nagar Parished Banda	4 माह 2,628,790.00	5000.00 20000.00	09.10.2023
6	2023_UAD_306232_1	mukhtidham me chabutra or tinshed nirman at nagar Parished Banda	2 माह 418849.00	2000.00 4200.00	25.09.2023

- निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते आदि ऑनलाइन वेबसाइट https://etenders.gov.में देखी जा सकती है।
- निविदा संबंधित समस्त अधिकार स्वीकृत निरस्त नगर परिषद बंडा के पास सुरक्षित रहेंगे।
- किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ वेबसाइट पर प्रकाशन किया जावेगा।

वैभवराज कुकरेले
अध्यक्ष
नगर परिषद बंडा जिला सागर

प्रभुदयाल पाठक
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बंडा जिला सागर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050 Email-eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यों हेतु आमंत्रित की जाती है।

स. क्रं.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	27/ 05.09.23	2023_PHED_304863_1	बीना	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT and R.C.C. Sump well (As per BOQ) including all allied work at village (1) Sanai (2) Chamari (2) Semrakhedi of Block Bina	187.14	187140	15000/-	180 दिवस	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2	28/ 05.09.23	2023_PHED_304864_1	राहतगढ़	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT and R.C.C. Sump well (As per BOQ) including all allied work at Village Peepara of Block Rahatgarh	73.29	73290	10000/-	180 दिवस	-तदैव-
3	29/ 05.09.23	2023_PHED_304865_1	राहतगढ	Maintenance Work of India mark II Hand Pump in the villages of Block Matlhone Distt.Sagar Total Nos of Maintenance Major HP 1100 Nos. and Minor HP 200 NOS.	13.41	26820	2000/-	365 दिवस	-तदैव-

आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	:	08.09.2023 From 15.00
आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि	:	15.09.2023 Upto 17.30
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	:	18.09.2023

निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाईट पर आफ लाईन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड खुरई जिला सागर (म. प्र.)

जी-19554/23

कोविड काल का टाइम टेबिल वर्तमान में भी लागू

• अखंड यादव

बल्देवगढ़, देशबन्धु। तहसील कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने से आम लोगों को भारी परेशानियों सामना करना पड़ रहा है। तहसील और नगर परिषद के अधिकांश अधिकारी टीकमगढ़ से अपडाउन करते हुए अपनी मनमर्जी से कार्यालय पहुंचते हैं और मनमर्जी से टीकमगढ़ चले जाते हैं। इन कर्मचारियों पर कोई पाबंदी लगाने वाला नहीं है। दरअसल कोरोना काल के बाद सरकारी दफ्तरों में कामकाज का तरीका काफी बदला हैं। अब सप्ताह में छह दिन की जगह कर्मचारियों को पांच दिन ही काम करना पड़ता है, लेकिन इन पांच दिनों में भी कर्मचारी और अधिकारी समय पर दफ्तर नहीं पहुंचते हैं, जिसका खामियजा आम जनता को भुगताना पड़ रहा है। आम जनता से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण विभाग नगर परिषद और तहसील कार्यालय खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक का है, लेकिन कर्मचारी 10:40 बजे के बाद ही कार्यालय पहुंचते हैं। नगर परिषद में कर्मचारियों के लेटलतीफी से पहुंचना कोई नई बात नहीं है। हमेशा से ही कर्मचारी और अधिकारी अपनी सुविधा के अनुसार ही कार्यालय आते रहे हैं। कोविड काल के बाद सरकार ने दफ्तरों का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कर दिया है, लेकिन आज भी कर्मचारी पुराने टाइम-टेबल से घड़ी मिलाकर दफ्तर पहुंच रहे हैं।

कर्मचारियों की मनमानी से जनता परेशान

देशबंधु संवाददाता ने सोमवार को नगर परिषद पहुंचकर पड़ताल की तो सुबह 10 बजे तक कोई भी अधिकारी-कर्मचारी दफ्तर नहीं पहुंचा था। 10:30 बजे के बाद ही कर्मचारियों का आना शुरू हुआ। जबकि आम लोग नगर परिषद में काम के सिलसिले में सुबह 10 बजे से आकर बैठे नजर आए। एक घंटे इंतजार करने के बाद लोगों के काम हो सके।

मजमर्जी के मालिक बाबू बलिराम

बल्देवगढ़ तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी अपनी मनमर्जी पर उतारू है। यहां पर पदस्थ बाबू बलिराम कुशवाहा अपनी मनमर्जी से कार्यालय पहुंचते हैं जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी टीम ने सोमवार सुबह 10:48 बजे तहसील कार्यालय पहुंचकर देखा तो बाबू बलिराम तहसील में नहीं थे। लोगों का कहना था कि यह अपनी मनमर्जी से ही कार्यालय आते हैं।

धूल खा रही बायोमेट्रिक मशीनें

समय पर कर्मचारी दफ्तर आए इसके लिए नगर परिषद ने बायोमेट्रिक मशीनें प्रत्येक शाखा में लगाई थी। इसी आधार पर कर्मचारियों की उपस्थिति भी दर्ज होती थी, लेकिन कोविड काल के दौरान संक्रमण के चलते बायोमेट्रिक मशीनों का उपयोग बंद कर दिया गया। जिसके बाद से यह मशीने शाखाओं में धूल खा रही हैं। इस स्थिति के चलते कर्मचारी मनमर्जी से दफ्तर आ रहे हैं।

पेंशन, स्टोर और संबल शाखा के चक्कर लगाते हितग्राही

नगर परिषद की पेंशन, स्टोर रूम और संबल शाखा सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिसके प्रभारी अनिल मिश्रा है। स्टोर रूम से सामान मिलने के बाद ही नगर परिषद का काम सही से संचालित होता हैं, लेकिन सोमवार को सुबह 10:55 बजे तक शाखा प्रभारी अनिल मिश्रा कार्यालय पहुंचे ही नहीं थे। जबकि दफ्तर का समय सुबह 10 बजे से हैं, पर यह हमेशा अपनी मनमर्जी से कार्यालय पहुंचते हैं। जिससे पेंशन के एवं संबल योजना के हितग्राहियों को कई दिनों तक इनके चक्कर काटना पड़ते हैं।

खाद्य एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की शाखा 10:55 तक बंद

नगर परिषद की खाद्य एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की शाखा में सुबह 10:55 बजे तक शाखा के प्रभारी रतनलाल भी नहीं पहुंचे थे। पौने ग्यारह बजे कर्मचारियों का आना शुरू हुआ।

नगर पालिका का साधारण सम्मेलन

भाजपा-कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ को सुनाई खरी खोटी

विकास कार्य शुरु नहीं होने से जनता की नाराजगी झेल रहे पार्षद : पूनम जायसवाल

टीकमगढ़, देशबन्धु। नगर पालिका में साढ़े पांच महीने बाद सोमवार को परिषद का साधारण सम्मेलन बुलाया गया। लंबे समय से बैठक नहीं होने के चलते भाजपा के 10 पार्षदों ने सीएमओ को धारा 57 के तहत पत्र सौंपा था। इसके बाद सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। नपा का साधारण सम्मेलन शुरू होते ही कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों ने एक राय होकर सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। दोनों दलों के पार्षदों ने सीएमओ गीता मांझी पर विकास कार्यों की अनदेखी आरोप लगाए। कांग्रेसी पार्षद श्रीमती पूनम जायसवाल ने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों के बताए अनुसार वार्डों में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होने अपने वार्ड के कार्यो में अनदेखी करने की बात कही। नगर पालिका द्वारा लोगों के नामांतरण और परिवर्तन नहीं करने से परिषद की छवि खराब हो रही है। श्रीमती जायसवाल ने कहा कि 1 साल बीत जाने पर भी विकास कार्य शुरू नहीं हुए हैं। जिसके चलते पार्षदों को जनता की नाराजगी झेलना पड़ रही है। बैठक के दौरान सीएमओ और पार्षदों के बीच हल्की नोक झोंक हुई। इस दौरान नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फर ने पार्षदों का पक्ष लेते हुए सीएमओ से कहा कि सभी पार्षदों की शिकायतों को जल्द दूर करें। नपा की साधारण सभा की बैठक में शहर के विकास कार्यों से जुड़े 76 प्रस्ताव परिषद के सामने रखे गए। बैठक के दौरान भाजपा और कांग्रेस के 20 पार्षदों ने सिर्फ 21 प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई। कुछ प्रस्ताव आपसी चर्चा और समिति बनाए जाने के लिए आगे बढ़ाए गए। इसके अलावा करीब 40 से ज्यादा प्रस्तावों पर असहमति व्यक्त की गई। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि पहले पूर्व की बैठक में पारित किए गए कामों को पूरा किया जाए। इसके बाद नए प्रस्ताव पास हों। साधारण सभा की बैठक के दौरान भाजपा और कांग्रेस के करीब 20 पार्षद एक साथ नजर आए। उन्होंने पहले से एजेंडा में शामिल 21 प्रस्तावों को पारित करने के लिए पत्र तैयार कर लिया था। सभी पार्षदों ने अपने-अपने दस्तखत करते हुए स्वीकृत प्रस्ताव का पत्र सीएमओ को सौंपा। पत्र में अस्वीकृत किए गए प्रस्ताव और आगे चर्चा में रखे जाने वाले प्रस्ताव भी स्पष्ट रूप से लिखे गए। इस अवसर पर प्रमुख रुप से नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा नायक, नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे, पार्षद श्रीमती पूनम रजनी जायसवाल, श्रीमती आरती साहू, राजीव जैन वर्धमान, श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति, बृजकिशोर तिवारी, सीताबाई कुशवाहा, अंशुल जैन मोना, श्रीमती राखी यादव, अजय यादव, अनीस अहमद, श्रीमती शमा परवीन, श्रीमती हरीबाई प्रजापति, श्रीमती चन्द्रप्रभा झां, रामकुमार यादव, अहमद हबीब राइन, श्रीमती निकिता प्रजापति, घनश्याम मुन्ना साहू, अरविंद रजक उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन

पलेरा, देशबन्धु। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शासकीय कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर महेंद्र पटेल ने बताया कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे कम हो जाते है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। शिविर के दौरान तहसील कार्यालय के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. फिरोजा वानो, गगन सोनी, राहुल खरया, कुनाल चतुर्वेदी समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

कांग्रेस ने महेश यादव सहित गौरव शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी

टीकमगढ़, देशबन्धु। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह द्वारा कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका प्रसाद यादव (महेश) को प्रदेश महामंत्री एवं युवा नेता गौरव शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दोनो नेताओं को दायित्व संबंधी पत्र सौंपते हुए आशा व्यक्त की गई है कि यह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की दिशा में अपना योगदान देंगे। दोनो नेताओं की नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की मंशानुसार की गई है।

अनुचित जाति की मांग को लेकर रजक समाज ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

टीकमगढ़, देशबन्धु। रजक समाज संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में अनुसूचित जाति की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर रजक समाज के सेकड़ों लोगों ने पुरानी टेहरी स्थित संत गाडगे पार्क से कलेक्टर कार्यालय तक विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री से शीघ्र ही रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का आग्रह किया। इसके साथ ही प्रदेश के अनेकों जिलों से आये संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के पहले अगर रजक समाज को उसका जन्मजात अनुसूचित जाति का अधिकार नहीं दिया गया तो मध्य प्रदेश की समस्त रजक समाज विधानसभा चुनाव में समाज के 26 लाख मतदाता इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे। साथ ही 12 सितंबर को मुख्यमंत्री के टीकमगढ़ आगमन पर समाज के द्वारा प्रदर्शन करते हुए अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग दोहराई जाएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नंन्दलाल रजक, युवा अध्यक्ष रितिक रजक, दिलीप रजक, अशीष रजक, संदीप रजक, महेश बैरवार, जबलपुर से केशलाल रजक, आरडी रजक, बल्ली रजक, प्रेमलाल बाथरे, छतरपुर से डॉ. कैलाश रजक ग्वालियर से मोनू लक्ष्मण रजक, बलवीर रजक, राकेश रजक, लखन लाल, भोपाल से कैलाश नाहर, सागर से अनंत राम रजक, लक्ष्मी माते, जगदीश रजक सहित सैकड़ों समाज जन उपस्थित रहे।

बिजली की डोरी डालने के विवाद पर युवक से मारपीट

दिगौड़ा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामनगर में एक व्यक्ति के साथ गांव के दो लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में रविवार 10 सितंबर की रात करीब 8 बजे फरियादी राकेश पिता दसई अहिरवार उम्र 32 साल निवासी रामनगर का बिजली के खंभे से डोरी डालने पर मुहल्ले में रहने वाले बबलू अहिरवार व हरीराम अहिरवार से विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़ित राकेश के साथ इन दोनों युवकों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बबलू व हरीराम अहिरवार निवासी रामनगर के खिलाफ मामला दर्ज किया

1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को आज खिलाई जाएगी कृमिनाशक गोली

टीकमगढ़, देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन ने बताया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार कलेक्टर के निर्देशन मे 12 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जायेगा एवं 15 सितम्बर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं आदिवासी, छात्रावास, मदरसों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को कृमि नाशक गोली एल्बेन्डाजोल का सेवन कराया जायेगा। इसमें शिक्षा, आदिम जाति, एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से यह कार्य का सफल संचालन होगा। सीएमएचओ डॉ.रोशन ने बताया कि एक बर्ष से 19 बर्ष तक के 611910 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिले के विकासखण्ड स्तर के मैदानी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न माध्यमों से ग्राम स्तर तक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया एवं स्कूलों के माध्यम से बच्चों के पालकों को भी गोली खिलाने की जानकारी दी गई है। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेन्डाजोल 400 एमजी की आधी गोली दो चम्मच के बीच में पीसकर खिलाये तथा 02 से 03 बर्ष के बच्चों को एक गोली पीसकर कर खिलाना है। 03 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 एमजी 1 गोली चबाकर खिलाई जायेगी। कृमि होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक दिमाग में वृद्धि अवरूद्ध हो जाती है। कृमि कई कारणों से बच्चों के पेट में पहुंच सकते है। नंगे पैर खेलने, बिना हाथ धोये खाना खाने, खुले में शौच करने एवं साफ-सफाई न रखने से होती है। वहीं दूसरी ओर उनमें खून की कमी व पोषण स्तर पर दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। इसलिये 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक एल्बेन्डाजोल की एक गोली पानी के साथ आवश्यक खिलायें।

शिक्षण संस्थाओं में तिमाही परीक्षा की तैयारी हेतु विचार गोष्ठी आयोजित

पलेरा। मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा आज 12 सितंबर से तिमाही परीक्षा शुरू की जा रही है। यह परीक्षाएं 20 सितंबर तक चलेगी। कक्षा 9 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राएं दो पारी में परीक्षाएं देंगे। परीक्षाओं के कार्यक्रम से सभी विद्यार्थियों को सूचित कर दिया गया है। बुंदेलखंड के समाजसेवी राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न उपाधि से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव द्वारा प्रातः 10:30 बजे शासकीय हाई स्कूल बन्ने बुजुर्ग विद्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम बेटियों का पद पूजन किया गया, तत्पश्चात शिक्षकों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा व्यवहारिक जीवन भारतीय संस्कृति संस्कारों यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। तिमाही परीक्षा में समय सारणी बनाकर पढ़ने तथा अच्छे नागरिक बनकर समाज सेवा करने के लिए नैतिक शिक्षा की कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार जायसवाल द्वारा शिक्षा विभाग के नियमों की जानकारी देकर बच्चों को शपथ संकल्प दिलाया गया। शासकीय हाई स्कूल आलमपुरा के प्रभारी प्राचार्य रोहित गुप्ता ने विद्यालय में पधारे समाजसेवियों सहित संतोष गंगेले कर्मयोगी के सामाजिक कार्यों के बारे में विद्यार्थियों को बताया, निस्वार्थ समाज सेवा करने के लिए हमारे बीच में ऐसे भी महापुरुषों जो लगातार विद्यार्थियों को जागृत कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय में सभी छात्राओं को तिमाही परीक्षा की तैयारी करने और विद्यालय का नाम उच्च शिखर पर ले जाने के लिए प्रेरणा दी गई ।

चयनित खिलाड़ियों को जिला एवं संभाग स्तर पर 28 खेलों में किया जाएगा सम्मिलित

खेलो एमपी यूथ गेम्स में ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगी चयन स्पर्धा

टीकमगढ़, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा खेल और युवा कल्याण विभाग के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम 2022 की तर्ज पर इस वर्ष 2023 में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन माह सितंबर से अक्टूबर 2023 के मध्य ब्लॉक, जिला, सभांग एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी सीताराम सासत्या द्वारा बताया गया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा आयोजित की जावेगी, जिसमें एथलेटिक्स, बास्केटबाल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखंब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, वॉलीबॉल, टेनिस एवं शतरंज खेलो के खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। उसके पश्चात खेल स्पर्धा में चयनित बालक-बालिका खिलाड़ियों के द्वारा जिला एवं संभाग स्तर पर 18 खेलों में सम्मिलित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर उक्त खेलों की चयन स्पर्धा 13 सितम्बर को बालिका वर्ग एवं 14 सितंबर 2023 को बालक वर्ग हेतु आयोजित की जावेगी। चयन स्पर्धा में सम्मिलित होने वाले बालक-बालिका खिलाड़ियों की आयु 31 दिसंबर 2023 को 18 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खिलाड़ियों की आयु प्रमाण पत्र हेतु ग्राम पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, द्वारा जारी प्रमाण पत्र अथवा अध्यनरत खिलाड़ियों को प्रत्येक स्तर पर अपनी बोर्ड परीक्षा की मूल अंक सूची जन्म प्रमाण पत्र मान्य किए जाएंगे। विकासखंड पर आयोजित चयन स्पर्धा में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों का चयन स्पर्धा के पूर्व अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए विकास खण्ड टीकमगढ में अनूप मंडल जिला खेल प्रशिक्षक के मोबाइल नंबर 9713371466, विकासखंड पलेरा हसरूद्धीन खॉन समन्वयक पलेरा के मोबाइल नंबर 9179002924, विकासखंड बल्देवगढ़ में दृगपाल सिंह तोमर समन्वय बल्देवगढ़ के मोबाइल नंबर 9425944811 तथा विकासखंड जतारा में समा बानो समन्वय जतारा के मोबाइल नंबर 7898945051 से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

सार समाचार

पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने जनसम्पर्क किया

दमोह/नोहटा देशबन्धु। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने ग्राम बम्होरी माला, बढगुआ, में जनसम्पर्क किया ग्रामीण जन की समस्याओं को सुन अधिकारियों को अवगत कराया एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जन को अवगत कराया। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को 1500 रुपये , बिजली बिल हाफ़ किसानों का कर्ज माफ़ पेंशन 1000, पाँच सौ रुपये में गैस सिलेंडर, जनहित के लिए कमलनाथ के मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले इन्ही योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलेगा। जनसम्पर्क के दौरान चन्नूराय, रमेश राय, सरताज खान, साहब सिंह,राजा खान, राज राय ब्लाक अध्यक्ष, संगम राय,राजेश खरे, राजकुमार सिंह देवेन्द्र सिंह आदि समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही

शहर में दहशत फैलाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दमोह देशबन्धु। कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही शहर में दहशत फैलाने के उद्देश्य से दिनांक 09/09/23 को घण्टाघर एवं हरसिद्धी माता मंदिर के पास चाकूबाजी की घटना घटित करने वाले अज्ञात आरोपियो की पहचान कर 24 घण्टो के भीतर किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी द्वारा शहर मे घटित हो रहे अपराधो के नियंत्रण हेतु सतत निगरानी रखने एवं आरोपीगणो की धरपकड कर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना कोतवाली के अपराध क्र.806/23 एवं अपराध 807/23 के अज्ञात आरोपी की लगातार तलाश पतारसी कर आरोपीयो की पहचान कर आरोपी आकाश रैकवार पिता दयाराम रैकवार उम्र 25 साल निवासी फुटेरा मुहल्ला 5, सुरेन्द्र रैकवार पिता धनीराम रैकवार उम्र 20 साल निवासी फुटेरा मुहल्ला 5 दमोह को मय दो धारदार चाकूओ के गिरफ्तार किया गया। मामले में एक अन्य आरोपी मदन रैकवार निवासी फुटेरा वार्ड दमोह की तलाश जारी है। आरोपियों के पास से एक स्कूटी लाल रंग की कीमती 70000/- रूपये, दो बटनदार चाकू कीतमी 800/- रूपये की जप्त किये गये है। सराहनीय कार्य करने वाले थाना प्रभारी कोतवाली निरी. विजय राजपूत,सउनि रघुराज सिंह, आरक्षक रामकुमार, आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया, आरक्षक कृष्णकुमार, आरक्षक देशराज, आरक्षक ओमप्रकाश, आरक्षक आकाश रहे।

नवजात बच्ची गड्ढे में गिरी, घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया

दमोह देशबन्धु। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप कोटातला के गड्ढे में सोमवार सुबह करीब 7 बजे घायल हालत में नवजात (बच्ची) शिशु मिलने से सनसनी भरे हालात निर्मित हो गए। गांव वालों के द्वारा मानवता का परिचय देते हुए तत्काल पुलिस को सूचित कर प्रभात आदिवासी, ओंकार सिंह और राकेश सिंह ने बिना देर कर तत्काल इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिसका इलाज एसएनसीयू वार्ड में ड्यूटीरत डॉक्टर द्वारा किया गया। मिली बच्चों की हालत गंभीर है जिसका इलाज जारी है।

जबलपुर नाका चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि ग्रामीण प्रताप आदिवासी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना शुरू कर दिया।

सभी धर्म संप्रदायों के बीच में रूक्मणी देवी के प्रति श्रद्धा भाव: पटेल

दमोह देशबन्धु। मैं सभी के प्रति यहां का सांसद होने के नाते आभार व्यक्त करता हूं, विशेषकर देश के प्रधानमंत्री का जिन्होंने देश में यह परम्परा प्रारंभ की कि जो भी मूर्ति जहां से चोरी होकर जायेंगी, उसे वहीं पर ले जाकर स्थापित किया जायेगा।

इसके पहले देश की आजादी से अब तक कभी यह कोशिश नहीं हुई, लेकिन यह काम देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है इसके लिये मैं दमोह वासियों की तरफसे प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं और धन्यवाद करता हूं। यह बात केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने निवास पर आयोजित माता रूक्मणी की प्रतिमा स्थापना महोत्सव पर चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर म.प्र.वेयर हाऊसिंग लॉजिस्टिक एवं कॉर्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक जबेरा धर्मेन्द्र सिंह लोधी विधायक हटा पीएल तंतुवाय, महंत हरिप्रपन्नदास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारीगण मौजूद थे। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा माता रुक्मणी देवी जी की प्रतिमा

हमारे राज्य के संग्रहालय दमोह में रखी हुई है। अब एएसआई वहां से मूर्ति ले जाकर कुण्डलपुर में अपने स्थान पर स्थापित करेगी।

जिले के बाहर सभी धर्म संप्रदायों और जातियों के बीच में रुक्मणी देवी जी की प्रतिमा के प्रति जो श्रद्धा भाव है, उसकी तुलना शब्दो में नहीं हो सकती है। लेकिन महूर्त सीमित ही है और जो हमारी संवैधानिक व्यवस्था है, उसमें हमारे पास एक दिन का समय होगा भाईचारे का, अष्ठमी के दिन उनकी स्थापना होगी। पटेरा के लोग इस पूरे आयोजन के प्रमुख होंगे, सारी व्यवस्थायें उनके ऊपर है, वे अच्छे से अच्छा करेंगे ऐसा मैं विश्वास करता हूं। चर्चा के दौरान सांसद निवास पर विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने माता रूक्मणी रुक्मणी देवी जी की प्रतिमा स्थापना के लिये अपने-अपने सुझाव रखे और सहयोग करने अपनी सहमति प्रदान की। इस दौरान विभिन्न समाजों-संगठनों के पदाधिकारियों और सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण, महिला शक्ति मौजूद रही।

माईसेम सीमेंट ने किया एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन

दमोह देशबन्धु। माईसेम सीमेंट दमोह द्वारा सिंघई रेस्टोरेंट में दमोह जिले के 100 से अधिक भवन निर्माण से जुड़े ठेकेदारों के लिए के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माईसेम सीमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश में चलाई गई लकी ड्रा स्कीम में विजयी हुए दमोह के ठेकेदार तुलसीराम विश्वकर्मा को उपहार में हीरो की पैशन मोटरसाइकिल प्रदान की गई। साथ ही इस कार्यक्रम में माईसेम सीमेंट की सम्बन्ध स्कीम के तहत उपस्थित सभी पंजीकृत ठेकेदारों को उनके कार्य के अनुसार प्रोत्साहन के रूप में घरेलु उपयोग के छोटे से बड़े उपहार दिए गए। जिसमे दमोह के दो ठेकेदारों को कंपनी द्वारा रेफ्रीजिरेटर (फ्रिज्ज) दी गई। हैंडेलबर्ग सीमेंट कंपनी जिनका उत्पाद माईसेम सीमेंट है और जो की विश्व में सीमेंट उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी है इस कंपनी के सागर एवं जबलपुर संभाग के सेल्स इंचार्ज जयंत सिंगोरे, सागर संभाग के एरिया मैनेजर अमित बंसल तथा म.प्र.-2 के कस्टमर सर्विस इंचार्ज इंजीनियर सर्वेश श्रीवास्तव के द्वारा इस

विशेष कार्यक्रम में उपस्थित ठेकेदारों को यह बताया गया की किस प्रकार से भवन निर्माण को मजबूत और टिकाऊ बनाया जा सकता है साथ साथ निर्माण लागत में भी कमी लाई जा सकती है ताकि जो भी कस्टमर अपना सुन्दर मकान बनाने का सोच रहे है या बना रहे है उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा कंपनी का ग्राहक को भौतिक रूप से सिविल इंजीनियर द्वारा दी जाने वाली तकनीकी सेवाओ पर भी विशेष फोकस है जिसके लिए कंपनी हज़ारो रुपये की सर्विसेज फ्री में उपलब्ध करवा रही है इस कार्यक्रम में दमोह के सेल्स अधिकारी धीरज वाधवानी, कस्टमर सर्विस अधिकारी इंजीनियर मुकेश भुसारे, टेक्निकल ऑफिसर इंजीनियर संजू बर्मन, मोबाइल लैब इंजीनियर महेंद्र पटेल सेल्स ऑफिसर गौरव शिल्पी, सीएंड एफतरुण इटोरिया, सेल्स प्रमोटर शैलेन्द्र सिंघाई तथा विक्रेता में संदीप ट्रेडर्स, सांधेलिया मार्केटिंग, तिवारी ट्रेडर्स, समीर स्टोर, सुरेश कुमार गुप्ता, ठाकुर सप्लायर के प्रोपराइटर उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता के लिये निकाली रैली

दमोह देशबन्धु। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत दमोह जिले में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है, इसी के अंतर्गत आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम तथा सहायक स्वीप नोडल डॉ केपी अहिरवार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु शासकीय आई.टी.आई. मारुताल, दमोह से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई.टी.आई. के छात्रों द्वारा ग्वारी एवं कोटातला आदि गांव में निवास कर रहे लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूकता प्रदान करते हुए लोकतंत्र के नारे लगाए गए तथा ग्रामीणजनों को अनिवार्य रूप से मतदान करने, नागरिक कर्तव्यों के बोध को महत्त्वपूर्ण बताया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण जनों को जागरूकता से संबंधित संदेश दिए गए।

कोरोना काल से बंद जबलपुर-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू करने की रेल्वे प्रशासन

दमोह/पथरिया देशबन्धु। रेल्व द्वारा जुलाई माह से अधिकतर ट्रेन का संचालन सभी ट्रेनों में जनरल टिकट मिलना शुरू हो गया है कोरोनाकाल में बंद हुई।

एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें पुन: पटरी पर दौड़ने लगी पर बुदेलखंड के बीच बीना कटनी रेलखंड में जबलपुर कोटा एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन अभी तक शुरू नही किया गया ना ही कोई संभावना दिखाई दे रही है कि आखिर कब से पटरी पर दौड़ेगी भी या नही। वही बीना कटनी मेमू ट्रेन चालू है पर उसमें स्पेशल का किराया लग रहा जबकि एक्सप्रेस सभी ट्रेनों का स्पेशल खत्म कर दिया।

अनुविभागीय मुख्यालय पथरिया होने के बाद भी आवागमन के सुगम साधन तक नही जिससे जनता यात्रा कर सकें कोरोना काल के पहले जब ट्रेनों का स्टापेज था तो कोई दिक्कत नही रही पर कोराना काल के बाद जैसे ही ट्रेनों को चालू किया गया तो पथरिया में स्टापेज बंद हो गया जिससे सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। रेल्वे प्रशासन से मांग है कि कोराना काल से बंद जबलपुर-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन संचालन शुरू किया जाए ताकि आमजन को सुलभ साधन हो।

सड़कों व गलियों में अंधेरा पसरा

दमोह/पथरिया देशबन्धु। नगर में कई महीनों से स्टेशन से थाना तिराहे तक की स्ट्रीट लाईट आधी बंद पड़ी हुई है वही कई वार्ड मुहल्ले में रात्रि में खंभे तो लगें हैं पर प्रकाश नही हो रहा है लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है बारिश के मौसम में अंधेरा पसरा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दमोह देशबन्धु। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दो दिवसीय स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ पीएल जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें नव प्रवेशित छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय संबंधी विभिन्न जानकारी देना एवं सुविधाओं से अवगत कराना रहा । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य के संबोधन के साथ हुई । प्रशासनिक अधिकारी डॉ एनपी नायक ने छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ डीके नेमा ने परिवर्तित परीक्षा प्रणाली, सतत आंतरिक मूल्यांकन प्रायोगिक परीक्षा के मूल्यांकन के सम्बन्ध में अवगत कराया । नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर कार्यक्रम संयोजक डॉ राधा ताम्रकार ने प्रकाश डाला । समिति सदस्य दीपक कुमार सैनी ने

महाविद्यालयीन अधोसंरचना एवं सुविधाओं से छात्राओं का परिचय कराया । डॉ आराधना श्रीवास ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी । डॉ अपर्णा देवी गोस्वामी , आयोजन सदस्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना तथा कु प्रिया थापा ने खेल सुविधाओं एवं गतिविधियों से परिचित कराया । दो दिवसीय इस आयोजन का मंच संचालन डॉ राजेश पौराणिक तथा डॉ आराधना श्रीवास ने किया । कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ अरुणा एम जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्यों श्रीमती नयनतारा , डॉ चंद्रशेखर राठौर, डॉ ममता संघी का उल्लेखनीय सहयोग रहा । कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ़तथा बड़ी संख्या में नव प्रवेशित छात्राएँ उपस्थित रहीं ।

ट्रक की टक्कर से मोटर साईकिल सवार सेवानिवृत्त आरआईकी मौत

मुरैना, देशबन्धु। जिले के बानमोर थाना क्षेत्र में थाने के सामने सड़क पर गहरे गड्ढे में बाइक जाने से वह अनियंत्रित हो गई और रिटायर्ड आरआई ट्रक से जा टकराया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बानमोर पुलिस थाने के सामने हाईवे रोड पर बाजार से खरीदारी कर बानमोर स्थित आदर्श कॉलोनी 11ः30 बजे अपने घर जा रहे एक 65 वर्षीय रिटायर्ड आरआई जमील खान की एक सड? दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को पीएम हेतु भेजा। बताया जाता है कि हाईवे रोड पर लग रहे ट्रैफिक जाम तथा रोड पर बने जानलेवा गड्ढे के कारण उनकी मोटरसाइकिल अनबैलेंस हो गई और वे ट्रक की चपेट में आ गए। अचानक हुई इस घटना को लेकर उनके परिवार में मातम पसर गया है। ज्ञात रहे कि हाईवे रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण आए दिन घटनाएं घटित हो रही है, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी इस और चुप्पी साधे हुए है।

नामदेव समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों का किया सम्मान

दमोह देशबन्धु। आदर्श नामदेव सेवा समिति, नामदेव समाज दमोह द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, दमोह विधायक अजय टंडन, कार्यक्रम अध्यक्ष सिविल सर्जन डॉ राजेश नामदेव, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया, धर्मदास नामदेव, जमुना नामदेव मंचाशीन रहे। कार्यक्रम में समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं पूजन, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत लोक कलाकार मुकेश नामदेव मगरोन द्वारा प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात समाज के सदस्यों द्वारा मंचाशीन अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम का कार्यक्रम का उद्देश्य नामदेव समाज अध्यक्ष राजू नामदेव द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं नामदेव समाज द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम 5 सूत्रीय मांग पत्र पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया को सौंपा। आदर्श नामदेव सेवा समिति दमोह द्वारा संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज का ग्रंथ लिखने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार नामदेव को लेखन के क्षेत्र में समाज रत्न एवं नामदेव समाज में सामाजिक जन जागरण का कार्य करने वाले राजेंद्र नामदेव शिक्षक बटियागढ़ को युवा समाज रत्न से सम्मानित किया गया। समाज के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसमें देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य ने सभी का मन मोहा। मंचासीन अतिथियों द्वारा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न कला क्षेत्रों में नामदेव समाज का गौरव बढ़ाने वाले कलाकारों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जयंत कुमार मलैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि नामदेव समाज द्वारा सौंपे गए मांग पत्र से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को

अवगत कराएंगे एवं उक्त मांगों पर शीघ्र कार्रवाई के लिए आग्रह करेंगे। जयंत मलैया ने कहा कि नामदेव समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह से समाज के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा एवं उन्हें प्रोत्साहन प्राप्त होगा। सफल आयोजन के लिए नामदेव समाज समिति को अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई। विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनसे मुलाकात कर प्रोत्साहित किया और कहा कि सम्मान समारोह एक माध्यम है समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए। नामदेव समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग के लिए सदैव तत्पर हूं। कार्यक्रम का सफल संचालन शुभम नामदेव, कार्तिक नामदेव द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट समिति सचिव बृजेश नामदेव द्वारा किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में संतोष नामदेव, मोहन नामदेव, राजकुमार नामदेव, छुट्टन नामदेव आनू, दीनदयाल नामदेव, किशोर नामदेव, इंजीनियर अजय नामदेव, लाल नामदेव, सुरेश नामदेव, मोहन नामदेव हिंडोरिया, महेश नामदेव, अजय कटारया, नंदकिशोर नामदेव बड़ी संख्या में वरिष्ठ जनों युवाओं एवं मातृ शक्ति माता बहनों की उपस्थिति रही।

पूर्व वित्तमंत्री मलैया के नेतृत्व सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

दमोह देशबन्धु। अभाना मंडल में पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया के मुख्य अतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पंडित अखलेश हजारी, रमन खत्री, राजकुमार जैन, करोड़ी बड्डे, आकाश सेठ, भन्नु सराफ़ पप्पू जायसवाल, मुन्ना सेन, मुन्ना विश्कर्मा, लक्ष्मण चौधरी, सीताराम चौधरी, बिहारी पटैल, मौनू जैन, रानू, मनीष तिवारी, मिंटू हजारी, अजय लोधी, विजय यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

अतिथि शिक्षक नियुक्ति में लगाया परिवारवाद का आरोप

झुण्डपुरा/ मुरैना, देशबन्धु। नगर के शासकीय कन्या हाईस्कूल अन्तर्गत अतिथि शिक्षक भर्ती में धांधली का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर शर्मा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सबलगढ़ को आवेदन प्रस्तुत कर प्राचार्य शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं प्रधान अध्यापक शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय धोबीपुरा द्वारा साठ गांठ कर हटाये जाने का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। सुधीर शर्मा ने प्रस्तुत आवेदन में कहा कि पहले धोबीपुरा स्कूल में मेरी नियुक्ति की गई, पोर्टल पर नाम चढाने के नाम पर पैसो की मांग की तथा स्टाफ रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने की बात की तो फिर पैसो की मांग की, जब मैने इसकी शिकायत सी एम हेल्पलाइन पर की तो प्रधान अध्यापक धोबीपुरा द्वारा विना सूचना के मेरा नाम पोर्टल से हटा दिया गया। मैंने इसकी शिकायत प्राचार्य से की तो उन्होंने मुझे ठहराव की प्रति पकड़ा दी।

मुस्लिम समाज ने मंत्री भूपेंद्र सिंह का अभिनंदन किया

1 करोड़ की लागत से मुस्लिम समाज का सामुदायिक भवन स्वीकृत, 3 कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल बनेगी

मालथौन, देशबन्धु। मालथौन क्षेत्र की समस्त मुस्लिम समाज ने मंत्री भूपेंद्र सिंह का क्षेत्र के विकास के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। मंत्री श्री सिंह ने भी इस समारोह मुस्लिम समाज के हाजियों और बुजुर्गो का सम्मान किया और मालथौन, बरोदिया, बांदरी क्षेत्रों की मुस्लिम समाज की झोली सौगातों से भर दी। मंत्री श्री सिंह ने मालथौन में 1 करोड़ की लागत से मुस्लिम समाज का सामुदायिक भवन स्वीकृत किया। मालथौन, अटा व बरोदिया कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य स्वीकृत किए। मुस्लिम समाज के दिली इस्तकबाल और अभिनंदन के इस मौके पर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुस्लिम समाज को संदेश दिया कि वे अपने बच्चों के एक हाथ में कुरान दें लेकिन दूसरे हाथ में लैपटाप भी दें। उन्हें खूब पढ़ाएं ताकि वे विज्ञान, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए नये जमाने के साथ अपना भविष्य विकसित कर सकें। सरकार की सभी योजनाओं में मुस्लिम समाज को बिना

किसी भेदभाव के समानता से लाभ मिला है। मेरे रहते किसी प्रकार का भेदभाव, असमानता और अन्याय आपके साथ नहीं होगा यह मेरी शपथ है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने मुस्लिम बहनों की तकलीफों को देखते हुए तीन तलाक की व्यवस्था खत्म करने का कानून बनाया जिसे सबने स्वीकार किया। मुस्लिम समाज की ओर से बोलते हुए मालथौन के अजीज भाई ने कहा कि हम तो सन् 47 के बाद से गुरबत में पड़े हुए थे भूपेंद्र सिंह ने आकर 5 साल में चमत्कार कर दिया, मालथौन के साथ हमारे परिवारों की हालत बदल दी। समारोह में नई मस्जिद के हाफिज ओवेस खान, बांदरी से पप्पू सैय्यद, मुवीन खान, शहीद भाई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक युवा मोर्चा से इरफान खान और उनकी टीम ने मंत्री श्री सिंह का स्वागत किया। अल्पसंख्यक महिला मोर्चा की सानिया खान, नूर जहां बानो, अफसरी बेगम, रुबीना खान, हसीना बी, कुरैशा बी, शबनम बी ने अभिनंदन किया। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने हाजी भाईयों व बुजुर्गों में मो. हारूफ खान, साबिर खान, शकील खान, कल्लू भाई बरोदिया, ओवैस हाफिज, जुबेर हाफिज, रसूल खान, सुबराती खां का सम्मान किया।

सुनार की दुकान के चोरों ने तोड़े ताले

मालथौन, देशबन्धु। सोमवार की दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोर ने सुनार की दुकान के ताला तोड़कर चांदी का समान चुरा ले गये। सोमवार की सुबह मुहल्ले के लोगो ने सुनार की दुकान के ताले टूटे देखकर सनसनी फैल गई घटना की जानकारी लगते ही दुकानदार पहुचा ताले टूटे देखकर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस मुआयना किया। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि सुबह शैलेन्द्र सोनी की दुकान के ताले टूटने की सूचना प्राप्त हुई थी। उसकी दुकान से तीन जोड़ी पायल और पैरों की बेझूडी जाने की बात सामने आई है जिसकी लगभग सात हजार रुपये कीमतन का सामान चोरी गया है अज्ञात चोर की तालाश की जा रही हैं।

मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ

सागर, देशबन्धु। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. ज्योति चौहान द्वारा मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर सिविल सर्जन डॉ. आरएस जयंत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. मधु जैन, एपीएम रत्ना चौकसे सहित स्टाफ उपस्थित रहा। डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि जन्म से पांच साल के बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए। बच्चों में होने वाली गंभीर बीमारियों से टीकाकरण ही सुरक्षा प्रदान करता हैं। यह टीके नि:शुल्क लगाये जाएगें। साथ ही गर्भवती माताओं का भी टीकाकरण किया जावेगा। इस अभियान के तहत सर्वे अनुसार छूटे शेष रहे बच्चों का एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण 16 सितम्बर तक जिले में आयोजित टीकाकरण सत्रों में टीकाकरण किया जावेगा इसकी मॉनीटरिंग सुपरवाईजर द्वारा की जावेगी।

सार-समाचार

सभी कांग्रेस जन शहर के 48 वार्डों में घर-घर जाएगेः राजकुमार पचौरी

सागर, देशबन्धु। जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने की। बैठक में स्वाधीनता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद, विधायक स्व. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में शीघ्र ही विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा के साथ सेक्टरों के पुनर्गठन एवं वार्ड भ्रमण कार्यक्रम आदि बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राजकुमार पचौरी ने कहा कि भाजपा घोटाले की सरकार है हमें जन जन तक इनके घोटाले को पहुंचना है। शिवराज सरकार और सागर विधायक के खिलाफ हम सभी कांग्रेस जन सागर शहर के 48 वार्डों में घर-घर जाएंगे। बैठक में पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, मुकुल पुरोहित, आशीष ज्योतिषी, बब्बू यादव, रिचा सिंह, सुलेखा राय, सिंटू कटारे, चैतन्य कृष्ण पांडेय आदि उपस्थित रहे।

राहुल साहू पहले मान्यता प्राप्त शिवसेना के मुखिया

सागर, देशबन्धु। विगत 40 वर्षो से हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना संचालित की जा रही है 40 वर्षो के अपने इस सफर में हजारों लोगों ने बाला साहेब के निर्भीक निष्पक्ष कट्टर हिंदूवादी विचारों से प्रभावित होकर अपने आप को शिवसेना में समर्पित कर दिया। प्रदेश में अपनी स्वच्छ और आकर्षित छवि को स्थापित करने का प्रयास किया जाता रहा है। सफलता प्राप्त ना होने का मुख्य कारण था राजनैतिक गैर राजनैतिक मान्यता और स्थानीय जनमानस के अधिकारों के लिए संघर्ष अब इन 40 वर्षो बाद राज्य शिवसेना मप्र मान्यता प्राप्त कर जानता जनार्दन के अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी। पार्टी के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष राहुल साहू अपने वरिष्ठ साथियों के साथ बाला साहेब के निर्भीक निष्पक्ष हिंदुत्व के विचारो से युवा पीढ़ी को एकत्रित किया जाएगा। पार्टी का मुख्य उद्देश्य शोषित पीड़ित दलित आदिवासी समाज को उनके अधिकार दिलाना हिंदू धर्म से विमुख हुए लोगो को वापस लाना आदि शामिल है दलित आदिवासी समाज के साथ हुए अत्याचार के विरोध में राज्य शिवसेना मप्र जल्दी ही राजधानी भोपाल में विशाल आंदोलन करेगी।

सुनील जैन बने पत्रकार कल्याण महासंघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

सागर, देशबन्धु। ऑल इंडिया पत्रकार कल्याण महासंघ, आई जे डब्ल्यू एफ की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव भारद्वाज ने की बैठक में महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश जैन, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू परिहार, राष्ट्रीय महासचिव अनुज मिश्रा, प्रदेश महासचिव नंद किशोर भार्गव, महिला पत्रकार विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पांडे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सागर संभाग के एवं प्रदेश के अन्य जिलों के पत्रकार प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर पत्रकार कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव भारद्वाज ने कहा कि महासंघ के तत्वाधान में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जो ज्ञापन सौंपा गया था उस ज्ञापन के आधार पर बीते दिनों उन्होंने पत्रकारों के हितों में बहुत सारी घोषणाएं की हैं और उनका क्रियान्वयन भी जारी हो चुका है। बैठक में शिव भारद्वाज ने नवीन राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से कुछ नियुक्तियां की घोषणा की जिनमे पूर्व विधायक सुनील जैन को महासंघ का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया।

स्वरांजली कार्यक्रम आज

सागर, देशबन्धु। स्थानीय सांस्कृतिक संस्था संभावना समग्र विकास समिति द्वारा हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सफल संगीतकार जोड़ी शंकर जयकिशन के जयकिशन की पुण्यतिथि पर स्वरांजली कार्यक्रम का आयोजन आज मंगलवार को दीपक सभागार सिविल लाइन में शाम चार बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपसंचालक जनसंपर्क डॉ. अशोक कुमार तिवारी होगें। श्यामलम के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के उदीयमान कलाकारों द्वारा गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

डेयरी से 40 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 40 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। वल्लभ नगर वार्ड स्थित लीलाधर यादव की डेयरी के 10 पशु डेयरी विस्थापन स्थल रतौना एवं रविशंकर वार्ड स्थित ऋषि घोषी के 30 पशु सोमला गांव शिफ्ट किए गए। कुल 40 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किए गए। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर रोक

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक आर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीना में 14 सिंतबर के कार्यक्रम को देखते हुए कार्यक्रम समाप्ति तक जिले का कोई भी अधिकारी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगा। उन्हें अपना मोबाइल भी चालू रखना होगा। अति आवश्यक होने पर नियमानुसार अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

वेदों से निकली है लोकतंत्र एवं न्याय की धाराः अरुण कुमार सिंह

सागर, देशबन्धु। डॉ हरीसिंह गौर विवि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्त्वाधान में भारतीय ज्ञान परंपरा वैदिक गणित और चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक परम्पराओं के अनुसार हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर ने अपने उद्बोधन की शुरुआत संस्कृत के श्लोक से करते हुए कहा कि वेद एवं पुराण भारतीय ज्ञान के वटवृक्ष हैं जिसमें ब्रह्म का स्वरुप निहित है। जो ब्रह्म को जानता है, वही सर्वज्ञानी है। उन्होंने कहा कि सभी मोक्षगामी बनें। व्यक्ति को सिर्फ ज्ञानवान ही नहीं होना चाहिए उसका ज्ञान सामाजिकता और दूसरे के लिए हितकारी होना चाहिए। वेद से विज्ञान के सिद्धांत निकले हैं यह बात इसरो के अध्यक्ष ने भी कही है जिससे हमें वैदिक ज्ञान के महत्व के बारे में पता चलता है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि कार्यशाला के दोनों विषयों पर विश्वविद्यालय पहले से कार्य कर रहा है। भारतीय परंपरा का परिचायक यही है कि पहले काम करो, उसके बाद प्रचार किया जाए। ये आनंद की बात है कि शिक्षा जगत में नेतृत्व देने का काम डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय कर रहा है। उन्होंने प्रश्न करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का विचार सिर्फ भारत ने ही क्यों दिया, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। हमारी संस्कृति में एकत्व की परंपरा रही है। हमें अपनी परम्परा से जुड़कर आधुनिकता को अपनाना चाहिए। भारतीय संस्कृति में अल्पविराम की बात है, न कि पूर्णविराम की। उनके अनुसार बच्चों पर अंग्रेजी शिक्षा नहीं थोपी नहीं जानी चाहिए और इसका ध्यान नई शिक्षा प्रणाली में रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम में कई प्रदेशों से प्रतिभागी सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने विवि के छात्र-छात्राओं का आवाह्न करते हुए कहा कि उन्हें भारत में चरित्र निर्माण के ध्वजवाहक की भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति को आगे ले जाने का प्रयास करना है। भारत वेदों के लिए जाना जाता है, संस्कृति का हीरा वेद है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विश्वविद्यालय से निकला हुआ छात्र अपने चरित्र और मूल्यों के आधार पर पहचान स्थापित करे। इस आयोजन में विवि सांस्कृतिक परिषद के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी के निर्देशन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित भारत की संस्कृतियों की देशज झलक दिखी।

महर्षि अरविन्द जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

सागर, देशबन्धु। जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविन्द जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिला पंचायत सभागार में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जन अभियान के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं सभी जिले से पधारे प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हीरा सिंह राजपूत ने महर्षि अरविंदो के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ उनके आध्यात्मिक जीवन और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए जन अभियान परिषद द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र चौरसिया विवेकानंद केंद्र भोपाल ने महर्षि अरविंद जी की जीवनी एवं विचारधारा तथा जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महर्षि अरविंद घोष एक योगी एवं दार्शनिक थे जिनका जन्म कोलकाता में हुआ था उन्होंने युवावस्था में ही स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी के रूप में भाग लिया किंतु बाद में वह एक योगी बन कर समाज में एकता स्थापित करने का कार्य करते हुए पांडुचेरी में आश्रम स्थापित किया। मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय ने महर्षि अरविंद जी के व्यक्तित्व और उनके द्वारा समाज के प्रति योगदान एवं लोगों के बीच महर्षि अरविन्द जी की प्रतिभाये स्वाधीनता में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी, संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद दिनेश उमरैया ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। आभार केके मिश्रा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद द्वारा किया गया।

पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधकर मनाया पांचवा वृक्षाबंधन

पांच वर्षो के प्रयास से बंजर भूमि भी उपजाऊ बन गई, 11000 से अधिक वृक्ष लहलहा रहेः कपिल मलैया

सागर, देशबन्धु। विचार समिति ने मंगलगिरी में पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एवं रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधकर वृक्षाबंधन किया। समिति ने वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 18 अगस्त 2018 को पहाड़ी क्षेत्र मंगलगिरी में 5000 पेड़ लगाकर की थी जिसमें वृक्षारोपण करने वाले वृक्ष मित्रों, परिवार के सदस्य एवं स्मृति स्वरूप स्वर्गवासी लोगों के नाम की स्मृति में पौधे रोपित किए गए थे, जिनके नाम की पट्टिका भी लगाई गई थी। प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 2500 पौधे लगाए गए थे। 26 जून 2021 को स्व. आशारानी मलैया की स्मृति में मियाबाकी पद्धति द्वारा 1500 पौधे लगाए थे। कई संस्थाओं द्वारा विभिन्न आयोजनों के माध्यम से 2000 से अधिक पेड़ लगाये है अब वर्तमान में 11000 से अधिक वृक्ष लहलहा रहे हैं जिनकी देखरेख समिति स्वयं करती है। समिति के अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि मंगलगिरी में पेड़ लगाने का उद्देश्य शहरों में पेड़ों की कमी होती जा रही है। प्लांटेशन के लिए जो पेड़ लगाए जाते हैं वह पेड़ तो लगा देते हैं लेकिन उनकी देखरेख नहीं की जाती जिससे वह पेड़ मर जाते हैं। मंगलगिरी पूरा पहाड़ है इसके आसपास एक भी पेड़ नहीं था लेकिन लगातार पांच वर्षों के प्रयास से यह जंगल बनाया गया है। यह जंगल प्राकृतिक सिद्धांतों पर बनाया गया है। जिसमें जैविक जीवामृत का उपयोग किया गया है। पूरे समय यहां पर समिति की चार से पांच लोगों की टीम कार्य करती है। कुछ पौधे जो यहां लगाए गए हैं वह शहर में मिलते तक नहीं है। इसके अलावा नीम के 50 हजार पौधे भी तैयार किए जा रहे हैं। यहां पर 154 किस्म से ज्यादा के पेड़ लगे हुए हैं। वृक्षाबंधन में रोटरी क्लब, विधिक सेवा प्राधिकरण, अलायंस क्लब, अखिल भारतीय जैन महिला परिषद, गोला पूरब महासभा, धर्म रक्षा संगठन, राह फाउंडेशन, सीआरएस, जैन भ्रात संघ आदि समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

होटल, गेस्ट हाउस प्रशासन ने 12 से 14 सितंबर के लिए अधिग्रहित किये

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक आर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सागर के बीना में 14 सिंतबर के कार्यक्रम के दृष्टिगत शहर के सभी होटल, गेस्ट हाउस, रेस्ट हाउस, हॉस्टल, धर्मशाला, सामुदायिक भवन के सभी कक्ष, सराय अधिनियम के प्रावधान के तहत 12 से 14 सितंबर तक अधिग्रहित करने के आदेश दिए है। अधिग्रहित अवधि में विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर होटल, गेस्ट हाउस, रेस्ट हाउस, हॉस्टल, धर्मशाला, सामुदायिक भवन आरक्षित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीना देवेन्द्र प्रताप सिंह मो. 8839880800 की अनुमति लेना अनिवार्य होगी।

सागर विधानसभा क्षेत्र की विधायक कप प्रतियोगिता 6,7,8 अक्टूबर को होगी आयोजित

सागर, देशबन्धु। विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की विधायक कब खेल प्रतियोगिता 6,7, 8 अक्टूबर को खेल परिसर एवं सिटी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। उसके संबंध में खेल परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजन किया गया। बैठक में सभी खेलों के कोच एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। विधायक श्री जैन ने बताया कि इस वर्ष भी प्रतियोगिता में बैडमिंटन, शतरंज, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी, मलखंब, क्रिकेट, ताइक्वांडो, कूडो, राइफल शूटिंग, रस्सा कसी, तैराकी, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स आदि खेलो को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जिला खेल अधिकारी प्रदीप अबिद्रा, संजय दादर, रीतेश मिश्रा, अमित बैसाखिया, एजाज खान, आनंद विश्वकर्मा, रामेश्वर चौबे उपस्थित थे।

खेलों एमपी यूथ गेम्स विकासखंड स्तरीय चयन ट्रायल 13 को विकासखंड बण्डा स्थित माडल स्कूल मैदान में आयोजित

सागर, देशबन्धु। विकासखंड स्तरीय खेलों एमपी चयन ट्रायल का आयोजन सागर जिले के विभिन्न विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी क्रम में विकाखंड बण्डा में 13 सितम्बर को शासकीय माडल स्कूल मैदान में किया जा रहा है। विकासखंड स्तरीय चयन ट्रायल हेतु खेल कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, बास्केटबॉल, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल, टेबल-टेनिस, लॉन टेनिस, बाक्सिंग, जूडो, मलखम्ब, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, योगासन, वेट लिफ्टिंग, तैराकी खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

3000 रूपये के ईनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सागर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेश किया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बीना के नेतृत्व में थाना बीना के अपराध क्रमांक 82/2018 धारा 458, 294, 506ताहि, 3(2)(5) एससीएसटी एक्ट में 3000 रूपये के ईनामी एवं अपराध क्रमांक 550/2020 धारा 327, 294, 323, 506 ताहि और 292/22 धारा 294, 323, 506 ताहि और प्रकरण क्र. 350/19 के स्थाई वारंट आरोपी सोनू नगायच पिता शिवशंकर नगायच उम्र 36 वर्ष निवासी इंद्रागांधी वार्ड बीना को 11 सितम्बर 23 को न्यायालय बीना पेश किया न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नई बस्ती रामदीन सिंह, कुलदीप सिंह, यशवंत सिंह राजपूत, अमित जाट, मंगल सिंह यादव की भूमिका रही।

सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

राहतगढ़, देशबन्धु। बर्षा के बाद पड़ रही उमस से जहरीले जीव जंतु बिलों से निकलकर रहवासी घरों में जा रहे है। ऐसा ही मामला वार्ड क्र. 6 में आया। वीरेंद्र सिंह ठाकुर के रहवासी मकान में लकड़ी की अलमारी के कोने में सांप बैठा दिखाई दिया। जिसकी सूचना रेंजर दिनेश कौशल को दी गई। वन विभाग की टीम ने करीब 6 फुट लंबे फर्रान नामक सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। टीम में रीतेश चौहान, रविशंकर, मोतीलाल घोषी, राजू यादव आदि मौजूद थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा का किया अनावरण

सागर, देशबन्धु। रामगढ़ रियासत की कुशल शासक, नारी शौर्य की प्रतीक एवं लोधी कुल गौरव वीरांगना महारानी अवंतीबाई की शाहपुर बस स्टैंड पर स्थापित की गई भव्य अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री गोपाल भार्गव ने की। शाहपुर बस स्टैंड पर मंत्री गोपाल भार्गव के माध्यम से स्थापित की गई यह प्रतिमा जिले में वीरांगना महारानी अवंतीबाई की सबसे विशाल प्रतिमा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि महारानी अवंती बाई को जीतना मुश्किल था। महारानी अवंती बाई ने 1857 की क्रांति का प्रतिनिधित्व किया था और अंग्रेजो को हराया था। मंत्री श्री भार्गव ने अपने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मुझे अवगत कराया गया कि वीरांगना महारानी अवंती बाई की प्रतिमा अपने पूरे रहली विधानसभा क्षेत्र में एक भी स्थान पर स्थापित नहीं है। इसलिए सभी क्षेत्रवासियों की जनभावना को देखते हुए शाहपुर नगर में वीरांगना महारानी अवंती जी की अश्वरोही विशाल प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया था, आज प्रतिमा का अनावरण किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जमकर बारिश हुई, लेकिन रहली वासियो पर इसका कोई असर देखने को नही मिला। जब पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और मंत्री गोपाल भार्गव छातो के सहारे प्रतिमा का अनावरण किया तो लोगो में भी उत्साह का संचार था। सभी लोग भीगते हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एवं मंत्री गोपाल भार्गव दोनों एक दूसरे को भाई बहन मानते है। उमा भारती मंत्री भार्गव को भैया तो गोपाल भार्गव उमा भारती को बिन्ना दीदी से संबोधित करते है। मंच पर मंत्री भार्गव ने उमा भारती का स्वागत किया। कार्यक्रम में अभिषेक भार्गव, नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष देवराज सिंह लोधी, उपाध्यक्ष राजा यादव, सीएमओ धनंजय गुमाश्ता, दिनेश लहरिया, भरत सिंह, राजेन्द्र जारोलिया, पवन नायक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली *
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।